www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
30 मार्च, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 159
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

चैत्र नवरात्र आज से




सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान


BIOME ®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

BIOME से लगातार दूसरी बार
NEET (UG) में 700 Marks पार

Gems of BIOME who got Prestigious Medical Colleges of INDIA through NEET All India Quota - 2024




BIOME CLASSROOM HIGHLIGHTS




LAUNCHING OF
BIOME JUNIOR
NTSE
OLYMPIAD
SCHOOL EXAM
BOARD EXAM
for Class IX$^{th}$ & X$^{th}$ Appearing
MATHEMATICS | SCIENCE | ENGLISH | SOCIAL SCIENCE

Course Features
- Syllabus coverage as per the latest Board Pattern.
- Mock Test with detailed discussion.
- Individual attention in Class.
- Expert Guidance for academic success.
- 3/4 days class in a week

Classes Starting from 17$^{th}$ April, 2025

Admission Announcement PHASE - I
Get upto 100%
Scholarship on Tuition Fee
through B-SAT
to be held on
29$^{th}$ & 30$^{th}$ March | 4$^{th}$ & 5$^{th}$ April, 2025
IN OFFLINE MODE

**Foundation**
(11$^{th}$ moving students)
For NEET 2027
Starting from
17$^{th}$ April 2025

**Fresher**
(12$^{th}$ moving students)
For NEET 2026
Starting from
17$^{th}$ April 2025

**Target**
(12$^{th}$ passed students)
For NEET 2026
Starting from
17$^{th}$ April 2025

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

**HINOO**
Shivpuri (Kilburn Colony)
Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi

**CIRCULAR ROAD**
New Nagratoli, Near Women's College,
Science Block, Ranchi

**BARIATU**
Classroom Campus
Opening Shortly

www.biomeinstitute.in | youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/
LIBRARY | SCHOOL | HOSTEL | TRANSPORT
Managed by third party






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 30 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in




# महिलाओं को आर्थिक मजबूती के लिए सखी मंडल से जोड़ा जायेगा

**जिला प्रशासन की नयी पहल, रांची जिला के सभी गांवों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बैठक होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन रांची ने एक नयी पहल शुरू की है। इस पहल के तहत मंईयां सम्मान से मंईयां स्वावलंबन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे महिलाओं को मिलने वाली सम्मान राशि का सही उपयोग कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

**रविवार को सभी गांवों में होगी बैठक :** रांची जिला के सभी गांवों में 30 मार्च (रविवार) को अपराह्न 1:00 बजे से बैठकों का आयोजन किया जायेगा। इसमें सखी मंडल समूह, सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) और ग्राम संगठन मिलकर ठोस कार्ययोजना तैयार करेंगे, ताकि सम्मान राशि का उपयोग महिलाओं के रोजगार एवं आर्थिक मजबूती के लिए हो सके।




## साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की अपील

उपायुक्त ने योजना से जुड़े लाभुकों को साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि लाभुक अपने बैंक डिटेल या अन्य गोपनीय दस्तावेज किसी के साथ साझा न करें और किसी भी धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें।

## मुर्गीपालन और डेयरी से आर्थिक मजबूती

जिला प्रशासन ने महिलाओं को मुर्गीपालन, अंडा उत्पादन और डेयरी व्यवसाय की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला पशुपालन पदाधिकारी और गव्य विकास पदाधिकारी को यह निर्देश दिया है कि वे इस दिशा में लाभुकों को प्रशिक्षित करें और उन्हें सहायता प्रदान करें। इस योजना से न केवल महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि किशोरियों के पोषण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# झामुमो ने देवघर, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिला समितियों का गठन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को तीन जिला समिति का गठन किया है। पार्टी की ओर से जिन जिलों में समितियों का गठन किया गया है उनमें से देवघर, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा शामिल हैं। देवघर जिला में अध्यक्ष के तौर पर संजय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष के रूप में नवल हेंब्रम और इश्तियाक मिर्जा और तेजनारायण वर्मा का नाम शामिल है। वहीं सचिव के पद पर दिनेश्वर किस्कू और कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज दास को जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं पश्चिमी सिंहभूम में अध्यक्ष के रूप में सोनाराम देवगम, उपाध्यक्ष के रूप में इकबाल और दीपक प्रधान, विकास कुमार गुप्ता, दिनेश चंद्र महतो और अकबर खान का नाम शामिल है। वहीं सचिव के रूप में राहुल आदित्य, सह सचिव के लिए बंधना उरांव और विश्वनाथ बाड़ा, कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाष बनर्जी और प्रवक्ता के रूप में बुधराम लुगरी को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। यह जानकारी पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने शनिवार को दी।

## देवी शैलपुत्री



*वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखरम्।*
*वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।*

### अर्थ

*मनोवांछित लाभ के लिए, सिर पर अर्धचंद्र धारण करने वाली देवी जो हाथों में त्रिशूल लिए और जो बैल पर सवार हैं, ऐसी यशस्विनी मां शैलपुत्री की वंदना करता हूं।*

### पूजा विधि

*जल, दूध, मौली, लाल चंदन, चावल, कुमकुम, हल्दी चढ़ाएं। कनेर के फूल और बिल्वपत्र चढ़ायें। घी का दीपक और गुगल की धूप लगायें। गाय के दूध की खीर, मखाने, और मौसमी फल का भोग लगायें।*

## पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर को 5 साल की सजा, 30 हजार का जुर्माना

**रांची (आजाद सिपाही)।** डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर पवन कुमार केडिया को भ्रष्टाचार के आरोप में विजिलेंस की विशेष अदालत ने 5 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अगर पवन कुमार केडिया जुर्माना नहीं देते हैं, तो उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# मिनिमम बैलेंस न रखने पर जनता से 43,500 करोड़ वसूले गये : खड़गे

## कांग्रेस बोली- मोदी सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट में बदल दिया है। सरकार सर्विस के नाम पर आम लोगों से पैसे लूट रही है। उन्होंने कहा- 2018 से 2024 के बीच बचत और जनधन खातों में मिनिमम बैलेंस न रखने पर सरकार ने जनता से करीब 43,500 करोड़ रुपये वसूले हैं।

दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने एटीएम से पैसे निकालने पर 28 मई को फीस बढ़ाने का सर्कुलर जारी किया। सर्कुलर के मुताबिक 1 मई से ग्राहकों को एटीएम से मंथली फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट पार करने पर अगले ट्रांजैक्शन के लिए एडिशनल 2 रुपये का भुगतान करना होगा। यह होम बैंक और दूसरे बैंकों में अलग-अलग होगी।

मेट्रो सिटीज में होम बैंक (जिस बैंक में आपका अकाउंट है) से फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट 5 है। इसके बाद के ट्रांजैक्शन पर आपको 2 रुपये अधिक चार्ज देना होगा। फिलहाल यह चार्ज 21 रुपये है, जो 1 मई से 23 रुपये होगी।

इससे पहले 25 मार्च को आरबीआइ ने एटीएम इंटरचेंज फीस बढ़ायी थी। यानी अगर आप किसी दूसरे बैंक के एटीएम से फ्री लिमिट से ज्यादा बार ट्रांजैक्शन करते हैं तो आपको 2 रुपये अधिक चार्ज देने होंगे। पहले ये 17 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 19 रुपये कर दिया गया है। मेट्रो सिटीज में दूसरे बैंक से फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट 3 है, जबकि नॉन मेट्रो सिटीज में यह लिमिट 5 है।



### खड़गे ने बैंकिंग फीस की लंबी लिस्ट शेयर की

खड़गे ने सोशल मीडिया पर बैंकों की अलग-अलग तरह की फीस की लिस्ट शेयर की। साथ ही कहा कि मोदी सरकार संसद में इस फीस से होने वाली वसूली का डेटा भी साझा नहीं करती। उन्होंने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा, दर्दनाक महंगाई + बेलगाम लूट = वसूली के लिए बीजेपी का मंत्र।

## पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों को मिली सफलता

# 28 आइइडी, 23 डेटोनेटर सहित कई सामान जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने 28 आइइडी बरामद किये। इनके अलावा 23 डेटोनेटर, 25 किलोग्राम यूरिया, एक किलोग्राम गन पाउडर और 50 स्विच भी मिले। साथ ही 250 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 150 मीटर सेफ्टी फ्यूज और एक सिंटेक्स भी बरामद किया गया। बम निरोधक दस्ते की मदद से सभी विस्फोटक सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस अभियान में चाइबासा जिला पुलिस और सीआरपीएफ की 197वीं बटालियन की टीम शामिल थी। इसके साथ ही प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों के एक पुराने डंप को सुरक्षाबलों ने नष्ट कर दिया है। टोंटो थाना क्षेत्र के वनग्राम जीम्कीइकीर के पास जंगली पहाड़ी इलाके में यह कार्रवाई की गयी। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सली इस क्षेत्र में हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपाकर रख रहे हैं।



## रोजगार के मुद्दे पर बाबूलाल मरांडी का राज्य सरकार पर हमला

# युवाओं के शोषण का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर रोजगार के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को नौकरी देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं है, बल्कि उनके शोषण का तंत्र बना हुआ है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि पिछले दरवाजे से एजेंसियों के जरिए बाहरी लोगों को नौकरी पर रखा जा रहा है। झामुमो के नेता तो आदिवासी युवाओं से अनुबंध आधारित चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए भी पैसे की उगाही कर रहे हैं। इस सरकार का पूरा तंत्र ही युवाओं के शोषण में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा है कि सरकार ने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, अध्यक्ष को सारी सुविधाएं भी मिलनी शुरू हो गयी हैं, लेकिन युवाओं की नियुक्ति की फाइल टस से मस नहीं हुई है।

## वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 20 हजार करोड़ सरेंडर करने की स्थिति में सरकार : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 20,000 करोड़ रुपये विकास योजनाओं में लगने के बजाय सरेंडर करने की शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

यदि बजटीय धनराशि का सही उपयोग किया जाता तो राज्य में अधूरी पड़ी सड़क परियोजनाएं पूरी हो सकती थीं, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाया जा सकता था, युवाओं के लिए नये रोजगार सृजित किये जा सकते थे।

राज्य सरकार की योजनाओं में दूरदृष्टि और प्रभावी कार्यान्वयन की कमी के कारण इतनी बड़ी बजटीय राशि का सरेंडर होना निराशाजनक है।

# झारखंड में पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द

**त्योहारों पर सख्त निगरानी के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस ने आगामी त्योहारों–ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शनिवार को आदेश जारी किया।

जारी आदेश के अनुसार, विशेष परिस्थितियों में ही संबंधित एसपी, कमांडेंट, डीआइजी और आइजी की अनुमति से अवकाश दिया जायेगा।

**झारखंड के सात जिले सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अतिसंवेदशील :** झारखंड के सात जिले सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अतिसंवेदशील हैं। इनमें रांची, पलामू, हजारीबाग, जमशेदपुर, गिरिडीह, बोकारो, पलामू जिला शामिल हैं। इन जिलों पर पुलिस की विशेष नजर है।

**माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश :** इससे पूर्व गत बुधवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में डीजीपी ने ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इस बैठक में जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी और जिले के एसएसपी, एसपी शामिल हुए थे। डीजीपी ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी अधिकारियों को कई निर्देश भी दिये थे। साथ ही असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर निगरानी रखने और उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने को भी कहा था। डीजीपी ने जुलूस के मार्गों का भौतिक सत्यापन करने, धार्मिक स्थलों और जुलूस की ड्रोन से मॉनिटरिंग करने, जिन जिलों में पहले सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतने, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने और किसी भी अफवाह के फैलने पर तुरंत उसका सत्यापन करें, साथ ही आवश्यक कार्रवाई करने को कहा था।

## उपद्रवियों से निपटने के लिए रांची पुलिस ने की मॉक ड्रिल

### रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर पुलिस अलर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी के तहत शनिवार को कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में उपद्रवियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया। इसमें बड़ी संख्या में रांची पुलिस के जवानों ने भाग लिया। आने वाले 10 दिनों के भीतर तीन महत्वपूर्ण त्योहार, जिसमें सरहुल, ईद और रामनवमी शामिल है। ऐसे में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। डीआइजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि तीनों पर्व को देखते हुए जिले के सभी थाना और ओपी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में रांची पुलिस लाइन में पुलिस ने मॉक ड्रिल कर जनता को यह बताने का प्रयास किया कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मॉक ड्रिल में उपद्रवी की भूमिका में भी पुलिस ही थी और उसपर कार्रवाई करनेवाले भी पुलिसकर्मी ही थे। उपद्रवियों की पत्थरबाजी से लेकर उनपर अश्रु गैस के गोले, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार, लाठीचार्ज से लेकर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई ने यह बता दिया कि पुलिस हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है।

मॉकड्रिल के दौरान जवानों को यह भी बताया गया कि अगर स्थिति बिगड़ती है और उसमें लोग घायल होते हैं तो उन्हें कैसे तुरंत अस्पताल भेजा जाये और एंबुलेंस को कैसे भीड़ से निकालकर अस्पताल भेजा जाये। इस दौरान पुलिस के जवानों ने लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने, पानी की बौछार आदि को लेकर अभ्यास किया। काल्पनिक स्थिति पैदा कर उससे निपटने का भी अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ऐसा लग रहा था कि मानो पूरा क्षेत्र हुड़दंगियों के कब्जे में है और पुलिस इससे निपटने की कोशिश कर रही है। पुलिस के जवानों ने प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी को आत्मसात करते हुए अपने अनुभव का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में आम लोग भी मॉकड्रिल का हिस्सा बने हुए थे। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सुरक्षा को लेकर रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के जरिये पुलिस ने आसामाजिक तत्वों से निपटने का अभ्यास किया। अगर किसी ने भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी।



# अभाविप के महानगर अध्यक्ष बने संतोष कुमार महतो

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नयी कार्यकारिणी की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), रांची महानगर की नयी कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को सेंट्रल लाइब्रेरी के सभागार में की गयी। रांची महानगर अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार महतो और रांची महानगर मंत्री तुषार दुबे बने। रांची महानगर के निर्वाचन कार्यकारिणी के निर्वाचनकर्ता जिला प्रमुख आनंद ठाकुर ने पुरानी इकाई को भंग कर नयी इकाई की घोषणा की। कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, विभाग संयोजक रोहित शेखर, प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रमुख शिवेंद्र सौरव, महानगर संगठन मंत्री बमभोला उपाध्याय शामिल थे। महानगर मंत्री तुषार दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों के हित के लिए काम करेंगे। समाज में सकारात्मक कार्य पर जोर देंगे। विद्यार्थियों के हित के लिए सभी दिन परिषद के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।



### आज का युवा कल का भविष्य है : आनंद ठाकुर

भारत पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर आनंद ठाकुर ने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने आप को शैक्षणिक रूप से मजबूत कर विश्व पटल पर भारत को एक अलौकिक शक्ति में प्रदर्शित करें। आज भारत शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार एवं सैन्य शक्ति में अपना लोहा मनवाया है। जिला संयोजक पवन नाग ने कहा कि नीड बेस्ड प्रोफेसर नियुक्ति को रोका गया है। आज विश्वविद्यालय में प्रोफेसर्स के कमी है। विद्यार्थी शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

## राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन

# सोनी कुमारी बनीं नेशनल चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिनी सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025, जो विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में आयोजित की गयी। इसमें झारखंड के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 06 पदक जीते। इसमें 03 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य पदक शामिल हैं। रांची की सोनी कुमारी ने इंडियन राउंड की व्यक्तिगत स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियन बनकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके इस उपलब्धि पर झारखंड तीरंदाजी संघ ने उन्हें बधाई दी।




### झारखंड के विजेता तीरंदाज

#### व्यक्तिगत स्पर्धा

- रिकर्व बालिका (40+40 मीटर दूरी) : अंजलि पूर्ति ने रजत पदक जीता।
- इंडियन राउंड बालिका : सोनी कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता।

#### टीम स्पर्धा

- रिकर्व बालिका टीम (सलवंती गोडसोरा, अंजलि पूर्ति, लक्ष्मी कुमारी, आलया श्रीवास्तव) : रजत पदक।
- कंपाउंड बालिका टीम (अंजू गरी, आरुषि कुमारी, माधुरी कुमारी, सोनाक्षी सिन्हा) : कांस्य पदक।
- इंडियन राउंड बालक टीम (जिज्ञासु रंजन, माधो बिरवा, मंगल सिंह लागुरी, दिनेश बेदिया) : स्वर्ण पदक।
- इंडियन राउंड बालिका टीम (सोनी कुमारी, कृतिका कुमारी, सुनीता टुडी, होलिका कुमारी) : स्वर्ण पदक।

www.epaper.azadsipahi.in

30 मार्च, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 159

बालूमाथ में कोयला तस्करों ने सीओ-बीडीओ पर किया हमला






COURTYARD BY MARRIOTT
Ranchi

## COURTYARD BY MARRIOTT RANCHI

### WELCOME TO BIHAR & JHARKHAND'S FIRST MARRIOTT INTERNATIONAL HOTEL

With 111 stylish rooms designed for both business and leisure travelers, the hotel offers a range of amenities including two restaurants, a fitness center, a swimming pool, and adaptable event spaces. Located in the heart of Jharkhand, we present a seamless stay with thoughtful service and warm hospitality, providing a comfortable and relaxing experience.

NOW OPEN

Courtyard by Marriott® Ranchi
Vidyapathi Nagar Kanke Road
Ranchi- 834008, Jharkhand, India
To know more, dial:
+0651 3537200 | +91 6513537200

Go There With
MARRIOTT BONVOY™







## एसबीयू में टॉक सीरीज का हुआ शुभारंभ

# अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा पर जोर देने की जरूरत : असित साहा

**विभिन्न पर्यावरणीय संकटों से निजात पाने का यह उत्तम रास्ता है**

**मुकेश सिंह**



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में सुपर सैटरडे फैकल्टी एंपावरमेंट टॉक सीरीज (भाग-1) के अंतर्गत शनिवार को जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के महानिदेशक असित साहा का व्याख्यान हुआ। 'जीएसआई -175 इयर्स एंड बियॉन्ड' विषय पर बोलते हुए उन्होंने जीवन में भूगर्भ शास्त्र और मानव के बीच के संबंधों को उकेरा। प्राकृतिक आपदाओं, मसलन भूकंप, बाढ़ इत्यादि को कम करने के लिए उन्होंने सामूहिक जिम्मेवारी की भावना विकसित करने की अपील की। आज के दौर में विभिन्न पर्यावरणीय संकटों से निजात पाने के लिए अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के कार्यों पर प्रकाश भी डाला। इस अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने इस तरह के टॉक सीरीज के आयोजन को विवि के लिए सराहनीय करार दिया। उन्होंने इससे आशाजनक परिणाम मिलने की बात भी कही। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने सुपर सैटरडे के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए शोध के परिप्रेक्ष्य में इस आयोजन से विशेषज्ञ लाभ हासिल होने की बात की। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस आयोजन से विवि परिसर नवीनतम जानकारियां और प्रोजेक्ट से रूबरू हो सकेगा।

कार्यक्रम में डीटूएल कंपनी के जय भारद्वाज और डॉ राहुल ने क्लाउड लर्निंग प्लेटफॉर्म के फायदों और इआरपी के इस्तेमाल से कंटेंट से लेकर ऑडियो-वीडियो अपलोड के सुविधाजनक होने के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरोही आनंद और धन्यवाद भाषण डॉ अरबिंद भंडारी ने दिया। इस अवसर पर विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सरला बिरला स्कूल में एस्ट्रोनोमी कार्यशाला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में एक दिवसीय एस्ट्रोनोमी कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का संचालन डीजीसीए-प्रमाणित ड्रोन पायलट प्रशिक्षक एल कार्तिकेयन और खगोल अवलोकन और अंतरिक्ष विज्ञान विशेषज्ञ सरवन कुमार ने किया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण तारों का अवलोकन, ग्रहों की खोज और ब्रह्मांडीय रहस्यों की जानकारी रहा। छात्रों को दूरबीन से आकाश देखने और खगोलीय गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। ब्लैक होल, डार्क मैटर और एलियन जीवन की खोज पर हुई चर्चा ने छात्रों की जिज्ञासा बढ़ायी और उन्हें ब्रह्मांड के अनसुलझे रहस्यों को समझने की नयी दृष्टि दी। कार्यशाला में इंटरैक्टिव सिमुलेशन, सौर धब्बों का निरीक्षण, एयरोस्पेस और ड्रोन तकनीक के सत्र भी हुए, जिन्होंने सभी को रोमांचित कर दिया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण को समझने और इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रेरित किया

## महत्वपूर्ण खबरें

### आज श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में हिंदू नववर्ष पर विशेष पूजा-अर्चना होगी



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग में 30 मार्च को भारतीय हिंदू नववर्ष चैत शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर विशेष पूजा- अर्चना, भजन- कीर्तन सत्संग, महाप्रसाद एवं महाआरती का आयोजन किया जायेगा। मंदिर परिसर में दोपहर 12:30 बजे से 200वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद केसरिया मेवायुक्त खीर का वितरण किया जायेगा। अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक भजन-संकीर्तन का संगीतमय कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात सामूहिक आरती की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने सभी श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### विश्व हिंदू परिषद आज से मनायेगा श्रीराम महोत्सव

रांची (आजाद सिपाही)। नव संवत्सर का शुभारंभ 30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के साथ होगा। इस दिन को पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। यही दिन भगवान राम के राज्याभिषेक का भी माना जाता है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने शनिवार को नववर्ष एवं रामोत्सव पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि संपूर्ण सनातन समाज मंदिरों में पूजा अर्चना करें। अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगायें, दीप जलायें। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल पूर्णिमा (श्री हनुमान जन्मोत्सव) तक विश्व हिंदू परिषद की ओर से श्रीरामोत्सव का आयोजन किया जायेगा। पूरे झारखंड प्रांत में लगभग दस हजार स्थानों पर जिला, प्रखंड एवं ग्राम समितियों की ओर से श्रीरामोत्सव के कार्यक्रम होंगे, जिसमें श्री भगवान राम के जीवन प्रसंग, श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी-स्वाभिमान और नागरिक कर्तव्य का विषय संतों एवं अन्य वक्ताओं की ओर से रखा जायेगा। अनेक स्थानों पर केंद्र, क्षेत्र एवं प्रांत के पदाधिकारी का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### केंद्रीय सरना समिति ने महादेव टोप्पो को महासचिव पद पर नियुक्त किया



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति की बैठक में महादेव टोप्पो को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। यह निर्णय समिति के बढ़ते कार्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि महादेव टोप्पो की नियुक्ति से समिति के कार्य में विस्तार होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से जगलाल पहान, शोभा कच्छप, जगरनाथ तिर्की, किरण तिर्की, आशीष उरांव, अशोक उरांव, मुकेश मुंडा, मुन्ना हेंब्रोम, गुड्डू मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वामी दिव्यानंद ने नवरात्र-रामनवमी पर मांस-मछली की बिक्री पर रोक की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। नवरात्र शक्ति उपासना का एक महत्वपूर्ण पर्व है। नवरात्र एवं श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर झारखंड में मांस, मछली और शराब की बिक्री बंद करने की मांग उठी है। अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने शनिवार को झारखंड सरकार से इस संबंध में आग्रह किया। स्वामी दिव्यानंद ने कहा कि राज्य की कुल जनसंख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ से भी ज्यादा है, जिसमें लगभग सत्तर प्रतिशत हिंदू हैं, उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि हिंदुओं की भवनाओं का ख्याल रखते हुए, मात्र नवरात्र के कालखंड में मांस, मछली एवं शराब की बिक्री पर रोक लगायी जाये, पूरे वातावरण में एक दिव्यता, भव्यता एवं पवित्रता का भाव रहता है। संत समिति ने मांस-मछली व्यवसाय से जुड़े लोगों से भी अपील की कि वे इस पावन समय में हिंदू समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सहयोग करें।

### बिजली विभाग ने त्योहारों पर उपभोक्ताओं के लिए जारी किया फोन नंबर

रांची (आजाद सिपाही)। ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को देखते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रांची, केंद्रीय इकाई की ओर से शनिवार को बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं को शनिवार को उपभोक्ताओं के लिए रांची क्षेत्र के बिजली पावर सब स्टेशन और और अभियंताओं का मोबाइल नंबर जारी किया है। किस विद्युत शक्ति उपकेंद्र से किस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जाती है, उसका भी जानकारी उपभोक्ताओं उपलब्ध कराया गया है। विभाग ने रांची के मेन रोड, अशोकनगर, हरमू सहित अन्य क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपने पास इन नंबरों को रखें, ताकि वे जरूरत के अनुसार संपर्क कर सकें। विभाग की ओर से कहा गया है कि विभाग के अभियंताओं के नंबर पर व्हाट्सएप की सुविधा भी उपलब्ध है, जिस पर उपभोक्ता संपर्क कर सकते हैं। कनीय विद्युत अभियंता, हरमू - 9431135651/52, सहायक विद्युत अभियंता - हरमू - 9431135625, कनीय विद्युत अभियंता, मेन रोड - 9431135647/48, सहायक विद्युत अभियंता, मेन रोड - 9431135624, कनीय विद्युत अभियंता, अशोकनगर - 9431135644, सहायक विद्युत अभियंता, अशोकनगर- 9431135646, विद्युत कार्यपालक अभियंता, रांची केंद्रीय- 9431135613 शामिल है। तुपुदाना विद्युत शक्ति उपकेंद्र में रविवार को 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को चालू करने के लिए विद्युत शक्ति उपकेंद्र में स्विच लगाने के लिए तुपुदाना विद्युत शक्ति उपकेंद्र 11 केवी और 33 केवी हाजम फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी । इस वजह से सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक 11 केवी कार्टून, नये इंसीलियर, पुराना एंसिलरी, बैंक, हरदाग, हरदाग औद्योगिक फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली विभाग ने शनिवार को दी।

# एनआइबीएम में स्नातक युवा के लिए नया बैच चार अप्रैल से

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक पास करते हैं और उनके लिए बैंकिंग, आइबीपीएस, एसबीआइ, आरबीआइ, नाबार्ड, एसएससी रेलवे, स्टेट लेवल एसएससी में लाखों की नौकरियों के लिए प्रत्येक वर्ष रिक्तियां की घोषणा की जाती है। 10+2,स्नातक, बीटेक पढ़ाई कर रहे युवा के लिए पिछले 26 वर्ष पुरानी सर्कुलर रोड श्री साईं टावर रांची स्थित एनआइबीएम में इन सभी रिक्तियों के लिए विशेष बैच हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में 04 एवं 07 अप्रैल से प्रारंभ किया जा रहा है। इस संस्थान में फ्री लाइब्रेरी, रीडिंग रूम के साथ शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन नये पैटर्न पर पढ़ाई करवायी जाती है। निदेशक द्वारा चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के यूट्यूब,फेसबुक, वेबसाइट, कार्यालय 9334726278 और 754202226 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रांची में जूता कारोबारी के हत्यारे की हुई पहचान

## गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही ताबड़तोड़ छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में गुरुवार को हुए जूता दुकानदार भूपल साहू की हत्या करने वाले अपराधी की पहचान कर ली गयी है। पहचान के बाद हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

**मामूली विवाद में हत्या :** रांची पुलिस के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भूपल साहू की हत्या का आरोपी पहचान वाला ही है, आरोपी से भूपल साहू का एक मामूली सा विवाद चल रहा था। विवाद की वजह से ही आरोपी गुरुवार की रात भूपल साहू की जूता दुकान में पहुंचा और भुजाली से गला काट कर उनकी हत्या की दी और मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गयी है।

**ताबड़तोड़ छापेमारी :** भूपल साहू के हत्या के आरोपी की पहचान होने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए डीआइजी सह रांची एसएसपी की विशेष टीम राजधानी के अलावा कुछ दूसरे शहर में भी तबातोड़ छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जब आरोपी भूपल साहू पर हमला कर भाग रहा था, तब उसका चेहरा सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया था। उसी के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

# श्री श्याम प्रभु का महास्नान और भव्य भंडारा आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को अमावस्या के अवसर पर श्री श्याम प्रभु का महास्नान विधिवत संपन्न हुआ। सुबह पांच बजे मंदिर का पट खोला गया। 5:30 बजे भव्य मंगला आरती की गयी। इसके पश्चात मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में महास्नान अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंदिर के आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा श्याम को दूध, दही, गंगाजल और शहद से पवित्र स्नान कराया। इसके बाद रूह गुलाब के इत्र से विशेष मसाज कर पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। बाबा श्याम एवं सभी देवी-देवताओं को नवीन वस्त्र धारण कराकर विशेष श्रृंगार किया गया।

**श्रृंगार के लिए कोलकाता से आये फूल :** कोलकाता से मंगाये गये लाल गुलाब, रजनीगंधा, तुलसी दल एवं पीले गेंदे की मालाओं से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रद्धालु जय-जय-जय खाटू के वासी, जय-जय बाबा श्याम एवं श्याम शरण में आये, दर्शन हमको दे दो जैसे भजनों के साथ भक्ति में लीन नजर आये। वहीं श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम मंदिर में 149वां भव्य श्री श्याम भंडारा था। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनौली समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे। हरमू रोड पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गयीं। खाटू नरेश की जय जयकारों से परिसर गूंज उठा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के साथ श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इसमें लगभग 2500 से अधिक भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, कमलेश सावा, राहुल मारू, वेद भूषण जैन, पप्पू, राहुल अग्रवाल सहित 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# हिंदू महापरिवार ने रामनवमी पूजा समिति का गठन किया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हिंदू महापरिवार ने रामनवमी पूजा समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य रामनवमी के अवसर पर विशेष आयोजन करना है। समिति के अध्यक्ष सौमेन दत्ता ने बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा और मंच का उद्घाटन किया जायेगा। रामनवमी के दिन एक विशाल मंच बनाया जायेगा और जनता को मीठा और ठंडा पेय वितरित किया जायेगा। चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी। हिंदू महापरिवार रामनवमी **पूजा समिति में प्रधान संरक्षक -** स्वामी दिव्यानंद जी महाराज को बनाया गया। **राष्ट्रीय अध्यक्ष:** राजेश आयान, **प्रदेश अध्यक्ष-** सौमेन दत्ता। **मुख्य संरक्षक-** अमित जैन, प्रिंस अजमानी, संजय सेठ, सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जायसवाल, संजीव विजयवर्गीय, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, कुणाल अजमानी, मुनचुन राय। **मुख्य सलाहकार-** भैरव सिंह को बनाया गया। **मुख्य संयोजक-** सुमित सिंह, अंकित गुप्ता, सौरभ राय, गुड्डू सोनी, आशुतोष द्विवेदी, आनंद शाही, उमंग सुल्तानिया, अवनीश सिंह, विकास श्रीवास्तव, आदर्श कुमार, पवन जायसवाल, निशि जायसवाल है। **विशेष संरक्षण मंडली-(संरक्षक)** प्रमोद अग्रवाल, राजीव रंजन प्रसाद, राजेश गुप्ता छोटू, संजय अग्रवाल, मनीष कुमार संतु, विशाल जालान। **संरक्षक-** विकास जायसवाल सबलू मुंडा, रवि मुंडा, रोहित पांडेय, अमर कुमार, अंकित कुमार, कुमार निकेश, राकेश शर्मा, संतोष सहाय, मनोज कुमार, नीरज सिंह, अमृत रमन, अनिल कुमार, रंजय वर्मा, प्रणव कुमार बब्बू। **कार्यकारी अध्यक्ष-** रवि प्रकाश, संदीप गुप्ता। **महिला अध्यक्ष-** नम्रता सोनी, **महिला कार्यकारी अध्यक्ष-** श्वेता सिंह, **उपाध्यक्ष-** विनय कुमार, सौरव कुमार, अरविंद पांडेय, जोगेंद्र गोप, धीरज सिंह, उमा साहू, अमित पाठक, अशोक ठाकुर, ईशान राज, साजन सिंह, अजीब महतो, चंदन झा। **महामंत्री-** विकाश कुमार, नयन परमार। **महासचिव-**पंकज जोशी, रवि वर्मा, **सचिव-** विकास मौर्य, कृष्णा मौर्य, अभय गुप्ता। **कोषाध्यक्ष -** प्रदीप महनसरिया, राकेश कुमार। **संयोजक-** संतोष चौधरी, बादल सिंह, रजत आनंद, राम पांडेय। **सह संयोजक-** सुधांशु कुमार, राहुल कुमार, कृष्णा जी, रंजीत गुप्ता। **मंत्री-** आलोक श्रीवास्तव, राहुल कुमार, उदय शर्मा, जीतू सिंह, प्रीतम कुमार, आशीष कुमार, नीरज सिंह, पीयूष झा। **मीडिया प्रभारी(सलाहकार)-** पिंटू दुबे, चंदन कुमार पाठक, मनोरंजन सिंह, दीपक कुमार, रोहित सिंह, धीरज सिंह, अनूप। **महिला मोर्चा संयोजक-** कुमुद झा, कुमुद पांडेय, अनिता कुमारी। **सचिव-**सपना चटर्जी, **महामंत्री-**द्वितीया घोष। **संयोजक-**रागिनी,मालती सिंह, झूमर दीवान।

# सरहुल पूर्व संध्या समारोह का भव्य आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची, सीसीएल द्वारा दरभंगा हाउस स्थित गंगोत्री कनवेंशन सेंटर के संगम ऑडिटोरियम में 'सरहुल पूर्व संध्या समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पर्व प्रकृति को समर्पित पर्व के रूप में जाना जाता है और इस दौरान अनेक लोग पारंपरिक परिधानों में नजर आये। प्रकृति पर्व सरहुल झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो वनों, जलस्रोतों और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति आदर और कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है।

कार्यक्रम में सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न ट्रेड यूनियनों और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद रहे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समिति के अध्यक्ष बृज किशोर राम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस आयोजन की शोभा झारखंड के पारंपरिक नृत्य और गीतों ने बढ़ायी। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि प्रार्थना से हुआ। धर्मगुरु बंधन तिग्गा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके आध्यात्मिक संदेश ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने अपने संबोधन में हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर 'जल, जंगल और जमीन' के संरक्षण की शपथ लेने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम सीसीएल की सरना समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पारंपरिक संस्कृति को संरक्षित रखने के महत्व पर भी बल दिया।

मुख्य अतिथि, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति को समर्पित है और यह हमें अपने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी प्राकृतिक संपदा को बचाने के लिए हमें वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए और जल संरक्षण के उपायों को अपनाना चाहिए। इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों में प्रकृति प्रेम और संरक्षण के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया और सरहुल पर्व की सांस्कृतिक गरिमा को और अधिक सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक गीतों और नृत्यों के साथ इस आयोजन का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान उल्लास और सांस्कृतिक सौहार्द का वातावरण बना रहा। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ।

www.epaper.azadsipahi.in

30 मार्च, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 159

जिंदल स्टील एंड पावर ने कार्यबल बढ़ाने के लिए ग्लोबल यूनिवर्सिटी के साथ किया समझौता



माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:05 शाम शुक्रवार
सेहरी 4:29 सुबह शनिवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## बालूमाथ में कोयला तस्करों ने सीओ-बीडीओ पर किया हमला


- अवैध कोयला भंडारण और परिवहन के खिलाफ छापामारी करने गये थे
- उपायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने एफआइआर दर्ज कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** क्षेत्र में कोयला तस्करों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। उनके खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) और अंचलाधिकारी (सीओ) पर कोयला तस्करों ने हमला कर दिया। छापामारी करने पहुंचे अधिकारियों की टीम पर तस्करों ने पत्थरबाजी की। इसमें वह बाल-बाल बच गये। बीडीओ और सीओ ने इसकी जानकारी जिला के उपायुक्त को दी। इसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने तस्करों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया है।

**कोयला का बढ़ रहा अवैध कारोबार :** प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कोयला का अवैध कारोबार बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए डीसी उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर बीडीओ सोमा उरांव और सीओ विजय कुमार मिश्रा ने गुरुवार रात को अवैध कोयला भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। रंगेहाथों पकड़े जाते ही तस्करों ने उन पर हमला कर दिया और वहां से फरार होने में कामयाब रहे।

**डीसी को दी जानकारी:** दूसरे दिन दोनों अधिकारियों ने इसकी सूचना डीसी को दी। इसके बाद सीओ विजय कुमार मिश्रा ने बालूमाथ थाना में शुक्रवार को मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने मामला को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में लिप्त तस्करों की तलाश की जा रही है।



### तस्कर अवैध रूप से कोयला कर रहे थे लोड

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना से महज चार किलोमीटर की दूरी पर जर्री रेलवे ओवर ब्रिज स्थित है। जहां कोयला चोर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सड़क पर अवैध कोयला भंडारण कर एक ट्रक, दो जेसीबी और एक ट्रैक्टर की सहायता से कोयला लोड कर रहे थे। इसकी सूचना बीडीओ और सीओ को मिली। दोनों अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने अवैध कोयला के साथ ट्रक, जेसीबी और ट्रैक्टर को रंगेहाथ पकड़ा। वहां मौजूद तस्करों ने अधिकारियों को देख कर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस अफरा-तफरी में तस्कर भागने में कामयाब रहे और वाहनों को भी वहां से निकाल ले गये। हालांकि वाहं अवैध कोयला भारी मात्रा में रह गया।

रांची पुलिस की लापरवाही, स्कूल के पास की मॉक ड्रिल

## आंसू गैस की वजह से कई बच्चे हुए बेहोश, दो बच्चियां अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस की लापरवाही से शनिवार को पुलिस लाइन स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के बच्चों की जान पर बन आयी। दर्जन भर बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। दो बच्चे फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। दरअसल पुलिस ने शनिवार को स्कूल से कुछ दूरी पर मॉक ड्रिल किया। वहां आंसू गैस के गोले छोड़े गये। इसका धुआं स्कूल परिसर तक पहुंच गया। बच्चों की आंखों में जलन होने लगी। कई बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ बच्चे बेहोश होने लगे। आनन-फानन में दर्जन भर बच्चों को सदर अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल, दो बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

**पुलिस ने की मॉक ड्रिल:** मौजूदा पर्व त्योहार को देखते हुए पुलिस किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी में लगी है। इसी क्रम में पुलिस लाइन के पास शनिवार को पुलिस ने मॉक ड्रिल की। मॉक ड्रिल के दौरान आंसू गैस के गोले भी दागे गये। इस गोले का धुंआ हवा के कारण स्कूल तक पहुंच गया। जिससे बच्चों की स्थिति बिगड़ी।



### स्कूल में मची अफरा-तफरी

स्कूल की प्रिंसिपल और शिक्षकों ने बताया कि अचानक एक धमाके की आवाज हुई। कुछ पल में ही कक्षा में कुछ गंध आने लगा। सभी को दिक्कत होने लगी। बच्चों को कक्षा से तुरंत बाहर निकाला गया। इस बीच दूसरा धमाका हुआ। बगल में पुलिस लाइन से जानकारी मिली कि वहां मॉक ड्रिल चल रही है। आंसू गैस के गोले दागे गये हैं। इस बीच बच्चों के आंखों से आंसू आने लगे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। पुलिस को इस बारे में बताया गया। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था की। बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। सभी ठीक हैं। केवल दो बच्चे फिलहाल अस्पताल में हैं। उनकी भी स्थिति ठीक हो रही है।

### भाजपा विधायक पहुंचे अस्पताल

इस घटना की जानकारी मिलते ही रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह सदर अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने डॉक्टर और बच्चों के अभिभावकों से बात की। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान स्कूल में आंसू गैस का धुआं चला गया था। इसकी वजह से बच्चों को परेशानी होने लगी। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, लेकिन दो बच्चों को ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को ऐसी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए थी, क्योंकि स्कूल के बगल में मॉक ड्रिल करना बिल्कुल सही नहीं है। पुलिस को घनी आबादी से दूर इलाके में जाकर मॉक ड्रिल करना चाहिए।

### न्यूज रील्स

#### अलकतरा घोटाले में बिहार के पूर्व मंत्री इलियास को सजा

रांची। संयुक्त बिहार में हुए अलकतरा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन सहित पांच आरोपियों को सजा सुनायी गयी है। शनिवार को रांची के सीबीआइ कोर्ट ने सजा सुनायी है। वहीं सात आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। कोर्ट ने जिन पांच आरोपियों को सजा सुनायी है, उनमें बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन के अलावा उनके पीए शहाबुद्दीन, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल और विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, कोर्ट ने पांचों आरोपियों को सजा सुनाते हुए जुर्माना भी लगाया है। बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच आरोपियों को 3-3 साल जेल की सजा सुनायी है। इसके साथ ही इन सभी पर 15- 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं, जी रामनाथ, एसपी माथुर, तरुण गांगुली, रंजन प्रधान, सुबह सिन्हा और एमसी अग्रवाल समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया है।

## म्यांमार भूकंप में अब तक 1000 लोगों की मौत, 2400 घायल

- शुक्रवार को फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से बात की

एजेंसी

**नयी दिल्ली/नेपीदा।** म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गयी। इस तरह दो दिन में पांच से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गयी है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा होने की आशंका जतायी है। बताते चलें कि म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के छह राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गयी है। इस बीच थाई प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार को आये भूकंप के बाद देश में हालात सामान्य हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बैंकॉक में सिर्फ एक इमारत गिरी थी, जो कि अंडर कंस्ट्रक्शन थी। उसके अलावा किसी और इमारत पर कोई असर नहीं पड़ा था।

**यूएन ने म्यांमार को 43 करोड़ रुपये की मदद की :** संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिये। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा। चीनी की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हांगकांग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भजेंगे।



### पीएम मोदी ने की बात, भारत ने भेजी राहत सामग्री

भूकंप के बाद भारत ने म्यांमार में 15 टन राहत सामग्री और एनडीआरएफ के 80 बचाव कर्मियों का एक दल भेजा है। इसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की जनता सरकार के प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। पीएम ने कहा कि करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 17 नक्सलियों का एनकाउंटर

- 12 साल पहले 27 कांग्रेस नेताओं के हत्याकांड में शामिल कमांडर भी मारा गया
- डीआरजी के तीन और सीआरपीएफ का एक जवान भी घायल


आजाद सिपाही संवाददाता

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई। मारे गये नक्सलियों में नक्सल संगठन एसजेडसीएम स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी नेता मारे गये थे। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच, यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गये हैं।

**17 नक्सलियों के शव बरामद :** डीआइजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किये गये हैं। मारे गये नक्सलियों में कई बड़े कैडर्स भी हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन और सीआरपीएफ का एक जवान भी घायल हुए। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। डीआइजी ने बताया कि ऑपरेशन खत्म हो चुका है। जवान नक्सलियों के शवों को कंधे पर लादकर करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर जंगल से लौट आये हैं।



### नक्सलवाद पर एक और प्रहार: अमित शाह



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की गयी है। शाह 4 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जायेंगे। यहां नक्सल ऑपरेशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## पलामू में भाजपा नेता का शव कुआं से बरामद

- विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा की गयी है हत्या, जांच हो

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** मनातू थाना क्षेत्र में भाजपा के एक नेता का शव कुएं से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। मृतक करेश राम पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के रंगेया के रहने वाले थे। वह भाजपा एससी मोर्चा के मनातू मंडल के महामंत्री थे। स्थानीय विधायक शशिभूषण मेहता ने करेश राम की हत्या का आरोप लगाया है और मामले की जांच की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करेश राम के शव को कुछ ग्रामीणों ने कुएं में देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर किसी तरह का जख्म का निशान नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस फिलहाल मौत के कारण के बारे में कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है।

**परिजनों के आवेदन पर एफआइआर दर्ज होगा:** मनातू के थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कुएं से शव बरामद हुआ है। मृतक के शरीर पर जख्म के निशान नहीं है। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है। परिजनों के आवेदन के आधार पर एफआइआर दर्ज की जायेगी।



### विधायक ने कहा: करें उद्भेदन नहीं तो आंदोलन होगा

घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के स्थानीय विधायक शशिभूषण मेहता मृतक करेश राम के घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि करेश राम की हत्या हुई है। हत्या के बाद शव को कुएं में फेंका गया है। पुलिस हत्या में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करे, नहीं तो आंदोलन होगा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW




# मास्टरमाइंड धीरज जालान सहित 11 चोर गिरफ्तार, भारी मात्रा में विदेशी नोट बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने कुख्यात चोर धीरज जालान समेत उसके 11 अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए हरमू रोड स्थित किशोरगंज से कुख्यात चोर धीरज जालान को पकड़ा। उससे पूछताछ किये जाने के बाद मिली जानकारी के बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची के अलग-अलग क्षेत्र से उसके साथी हर्ष कुमार, बृजेश सिंह, रोहित दास, रामू सिंह, नितेश साहू, करमचंद साहू, देवगन गोप, भारत कुमार, विष्णु कुमार और घूरन प्रधान को गिरफ्तार किया। पकड़े गये चोरों के पास से पुलिस ने आठ स्कूटी और बाइक के अलावा इंडोनेशिया, भूटान समेत कई अन्य देशों के विदेशी नोट बरामद किये हैं। इसके अलावा कई लैपटॉप और मोबाइल करीब 1.70 लाख रुपये, सिम कार्ड, कई लोगों का आधार कार्ड, एटीएम कार्ड समेत कई अन्य चोरी का सामान बरामद किया है। शनिवार की देर शाम एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसएसपी ने कहा कि धीरज जालान के खिलाफ रांची समेत कई जिले के अलग अलग थानों में लगभग 39 मामले दर्ज है। धीरज जालान का गिरोह ही शहर में कार का शीशा तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। धीरज के गिरोह में दर्जनों अपराधी जुड़े हैं। धीरज बाइक चोरी गिरोह चलाने के अलावा कई मामलों में पहले भी जेल जा चुका है।




# मुंबई इंडियंस लगातार दूसरा मैच हारी

## गुजरात ने अहमदाबाद में लगातार चौथे आइपीएल मैच में 36 रन से हराया

### साई सुदर्शन की फिफ्टी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने आइपीएल के मौजूदा सीजन में पहली जीत हासिल की है। टीम ने मुंबई इंडियंस को 36 रन से हराया। यह गुजरात की पहली जीत है, जबकि मुंबई को लगातार दूसरी हार मिली है। इतना ही नहीं, गुजरात ने अहमदाबाद में मुंबई को लगातार चौथे मैच में हराया है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाये। जवाब में मुंबई 20 ओवर में 6 विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

जीटी से साई सुदर्शन ने 41 बॉल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाये। उनके अलावा जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाये। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला।

एमआइ की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 48 और तिलक वर्मा ने 39 रन बनाये। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट कगिसो रबाडा और साई किशोर के खाते में आये।

# केंद्रीय मंत्री संजय सेठ समेत आठ के खिलाफ मामला दर्ज



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत आठ नेताओं के खिलाफ रांची के पंडरा ओपी में मामला दर्ज किया गया है। इन नेताओं के खिलाफ रांची बंद के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। 26 मार्च को रांची के कांके चौक पर बीजेपी नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में बीजेपी ने रांची बंद बुलाया था। 27 मार्च को अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में रांची बंद के दौरान बीजेपी नेताओं ने राजधानी में अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शन किया था। विधानसभा से लेकर सड़क तक बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान रांची से सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी सड़क पर उतरे थे। उनके प्रदर्शन के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। केस पंडरा ओपी प्रभारी सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार की लिखित शिकायत पर दर्ज हुआ है। इनमें ललित ओझा, कुमुद झा, बैजू सोनी, सत्यनारायण सिंह, प्रदीप ओझा, धर्मेंद्र साहू और अशोक यादव के अलावा अन्य अज्ञात आरोपी बनाये गये हैं। दर्ज केस के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मालभाड़ा राजस्व में 4 वर्षों में 54,805 करोड़ की वृद्धि

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** मालभाड़ा राजस्व में 4 वर्षों में 54,805 करोड़ रुपये की वृद्धि, 2019-20 में 1.13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 1.68 रुपये लाख करोड़ हुआ। वहीं यात्री राजस्व में 4 वर्षों में 20,024 करोड़ रुपये की वृद्धि, 2019-20 में 50,669 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 70,693 करोड़ रुपये हुआ। भारतीय रेलवे द्वारा 2019-20 से 2023-24 तक फ्लेक्सी फेयर, तत्काल और प्रीमियम तत्काल से अर्जित राजस्व लगभग 5.7% है जो यात्री सेवाओं से कुल प्राप्त राजस्व का हिस्सा है। टिकटों के रद्द होने पर जो राशि अर्जित होती है, वह अलग से दर्ज नहीं की जाती है। यह जानकारी रेलवे, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति दिव्य प्रतिमा स्थापित करेगी



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब द्वारा शताब्दी वर्ष का पूजा आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पंडाल का निर्माण काल्पनिक मंदिर के रूप में किया जायेगा। पंडाल की ऊंचाई 45 फिट, चौड़ाई 25 फिट और लंबाई 35 फिट होगी। माता दुर्गा की 13 फिट की दिव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी। पंडाल और प्रतिमा का निर्माण पश्चिम बंगाल के कलाकार प्रदीप बंगाली और मातादीन टेंट हाउस के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। पूजा आयोजन पर लगभग 15-20 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पूजा आयोजन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। पंडाल में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड और वॉलंटियर्स मौजूद रहेंगे। इस पूजा आयोजन में श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के सदस्यों के अलावा शहर के अन्य लोग भी भाग लेंगे। यह आयोजन शहर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# पुलिस पूर्वाग्रह से ग्रसित है और केवल एकतरफा कार्रवाई कर रही: देवेंद्रनाथ



**रांची (आजाद सिपाही)।** टाइगर अनिल महतो हत्याकांड के विरोध में झारखंड बंदी के दौरान पुलिस ने देवेंद्रनाथ महतो सहित चार नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के देवेंद्रनाथ महतो ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जतायी है और कहा है कि पुलिस प्रशासन पूर्वाग्रह से ग्रसित है और केवल एकतरफा कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस ने अन्य राजनीतिक दलों को संरक्षण दिया है, जबकि केवल उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया है। देवेंद्र महतो ने यह भी कहा है कि पुलिस लगातार हो रहे हत्याकांड में मुख्य हत्यारे को पकड़ने में नाकाम है और अवैध गतिविधियों में व्यस्त है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की है।

# भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.90 लाख हेक्टेयर भूमि : रेल मंत्री

- अधिशेष रेलवे भूमि को व्यावसायिक विकास के लिए पट्टे पर दिया जाता है, जबकि स्वामित्व बनाये रखा जाता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** 31 मार्च 2024 तक, भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.90 लाख हेक्टेयर भूमि है, जिसमें से 8812 हेक्टेयर भूमि विभिन्न उद्देश्यों के लिए पट्टे पर दी गयी है। इसमें यात्री सुविधाओं, मालवाहन सुविधाओं, व्यावसायिक विकास आदि के लिए पट्टे पर दी गयी रेलवे भूमि शामिल है। भारतीय रेलवे के पास जो भूमि है, उसका उपयोग ट्रैक, स्टेशन, टर्मिनल, कार्यशालाएं, उत्पादन इकाइयां आदि जैसी स्थिर अवसंरचना प्रदान करने के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त, रेलवे भूमि को सरकारी विभागों, केंद्रीय विद्यालयों, सार्वजनिक सेवा उपयोगकर्ताओं, निजी क्षेत्रों को रेलवे से संबंधित गतिविधियों जैसे यात्री सुविधाओं, मालवाहन सुविधाओं आदि के लिए पट्टे पर दी जाती है, जबकि स्वामित्व रेलवे के पास ही रहता है, जैसा कि मौजूदा नीति में निर्धारित है।

जो अधिशेष रेलवे भूमि भविष्य में ऑपरेशनल उद्देश्य के लिए आवश्यक नहीं है, उसे रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण के पास व्यावसायिक विकास के लिए पट्टे पर देने के लिए सौंपा जाता है। व्यावसायिक रूप से विकसित भूमि का स्वामित्व हमेशा रेलवे के पास रहता है।

यह जानकारी रेलवे, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा राज्यसभा में लिखित उत्तर में दी गयी।

# रोहित सिन्हा ने डीसी से रूफटॉप पर चल रहे बार के लाइसेंस रद्द करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को ज्ञापन देकर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने रूफटॉप में चल रहे बार का लाइसेंस रद्द व लाइसेंस रिनुअल नहीं करने की मांग की है। रोहित सिन्हा द्वारा उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शहर में रूफटॉप में 34 बार अनाधिकृत निर्माण कर चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा जांच के बाद शहर के 34 बार का निर्माण बिना नक्शा के अनाधिकृत पाया गया। इसके बाद निगम द्वारा सभी के ऊपर यूसी केस दर्ज किया गया है। सभी 34 बार के उपर नगर निगम के न्यायालय में यूसी केस चल रहा है। ऐसी स्थिति में अनाधिकृत रूप से निर्माण किये गये बार का लाइसेंस रिनुअल किया जाना नियमानुकूल नहीं है। ज्ञापन में उपायुक्त से मांग की गयी है कि जिन-जिन बार पर नगर निगम में यूसी केस चल रहा है। वैसे बार का वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंस रिनुअल नहीं किया जाये। साथ ही ऐसे बार का लाइसेंस रद्द किया जाये।

# डीसी ने सरहुल और रामनवमी को लेकर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में सरहुल और रामनवमी पर्व के अवसर पर विद्युत व्यवस्था सहित अन्य प्रशासनिक तैयारी की समीक्षा के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये।

**सभी तैयारियों पर क्रमवार समीक्षा :** इस महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त की ओर से क्रमवार सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सरहुल जुलूस एवं रामनवमी जुलूस मार्ग में सड़क मरम्मत, जेनेटर से बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सरहुल और रामनवमी जुलूस के दौरान बिजली के तार व्यवस्थित एवं खुले हुए न हों यह सुनिश्चित कर लें। जब तक जुलूस रात्रि में वापस नहीं हो जाता है, तब तक बिजली आपूर्ति न बहाल करें। सुनिश्चित होने के बाद में विद्युत बहाल किया जाये। इसके लिए माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग करें।

**सरहुल और रामनवमी के जुलूस के दौरान मेडिकल टीम तैनात रहेगी :** सरहुल एवं रामनवमी के जुलूस के दौरान मेडिकल टीम तैनात रहेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के की ओर से मेडिकल टीम, जुलूस के साथ एंबुलेंस इस दौरान तैनात रहेगी। ताकि किसी भी परिस्थिति जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा उपलब्ध रहे। इसके साथ प्रमुख जगहों में भी स्वास्थ्य टीम तैनात रहेगी।

**सरहुल पर्व में विशेष साज-सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे :** आगामी सरहुल पर्व में जिला प्रशासन की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों में विशेष साज-सज्जा किया जायेगा एवं प्रमुख जगहों पर रंगा-रंग कार्यक्रम झारखंड की संस्कृति पर आधारित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारियों में लगा है, की इस प्राकृतिक महापर्व को भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सके।

**आगामी पर्व के दौरान सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम :** सरहुल पर्व एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाये जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जायेगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पाये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जायेगा।

**मोबाइल केबल को व्यवस्थित करने के निर्देश :** उपायुक्त की ओर से सभी सरकारी एवं निजी मोबाइल कंपनियों के मोबाइल केबल को व्यवस्थित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी प्रस्तावित मार्ग में अपने-अपने मोबाइल केबल को व्यवस्थित कर लें। ताकि जुलूस सभी प्रस्तावित मार्गों से सुगमता पूर्वक निकल जाये। अगर संबंधित कंपनी अपने केबल व्यवस्थित नहीं करती है तो उन पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा।

# झामुमो में शामिल हुईं सिमडेगा जिप अध्यक्ष



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के हरमू स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कैंप कार्यालय में शनिवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए सिमडेगा की जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन ने शनिवार को सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने प्रतिमा सोरेन समेत अन्य लोगों को अंगवस्त्र देकर पार्टी में शामिल किया।

# सरहुल को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरहुल की शोभायात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। एक अप्रैल को शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह छह से रात 12 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान सभी बड़े वाहन राजधानी के बाहर ही रिंग रोड होकर अपने गंतव्य स्थान तक जायेंगे। शनिवार को ट्रैफिक एसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया। • सिरमटोली सरना स्थल और मेन रोड में एक बजे से सामान्य वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद। • सरहुल के अवसर पर रांची शहरी क्षेत्र में सुबह छह बजे से रात्रि 12:30 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी भारी वाहन रिंग रोड होकर जायेंगे। • निजी एवं यात्री वाहनों का परिचलान विभिन्न मार्गों में दोपहर एक बजे से जुलूस समाप्ति तक ऐसे रहेगा। • एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा। • सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे और उसी जगह से अन्य मार्गों पर जा सकेंगे। • जाकिर हुसैन पार्क से कमिशनर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। • पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। • अपर बाजार से शहीद चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। • चडरी तालब से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का पचिालन वर्जित रहेगा। • थड़पखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। • पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। **आवश्यकतानुसार रूट किये जायेंगे डायवर्ट :** विष्णु सिनेमा मार्ग से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। • पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैंड (मेन रोड) की तरफ आने वाले सामान्य वाहनो का परिचालन वर्जित रहेगा। • चर्च रोड से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। • ऊल हाउस के पास मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनें का परिचालन वर्जित रहेगा। • कर्बला चौक से रतन पीपी की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का पचिालन वर्जित रहेगा। • पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनो का परिचालन वर्जित रहेगा। • राजेंद्र चौक से ओवरब्रीज, सुजाता चौक की ओर किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। • पटेल चौक से मुंडा चौक की ओर परिचालन बंद रहेगा। • बहुबाजार से मुंडा चौक, सिरमटोली सरना स्थल तक सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। • जमशेदपुर रोड नामकुम क्षेत्र से चुटिया केतारी बगान होकर मुंडा चौक या बहुबाजार चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। • कांटाटोली से बहुबाजार की ओर जाने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बहुबाजार तक होगा और वहां से चुटिया थाना मार्ग से परिचालित होंगे। • पिस्का मोड से रातू रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा। • शहर के अन्य मार्गों में सरहुल शोभा यात्रा के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जायेगा।

# श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के नेतृत्व में मुख्य शोभायात्रा निकाली जायेगी : जय सिंह यादव

### मंडल के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री का भी नेतृत्व रहेगा : सुभाष साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची के नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक महावीर चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट समिति में शनिवार को अध्यक्ष जय सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक का संचालन मंडल के मंत्री सुभाष साहू ने किया। श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत का किया। हम सभी एक अभियान के तहत प्रत्येक अखाड़ाधारियों के पास जाकर प्रशासनिक और मंडल के द्वारा जो भी सहयोग चाहिए, उनको पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में अखाड़ाधारियों सहित कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति का सदस्य बनने की जिज्ञासा प्रकट की। सदस्यता अभियान 16 अप्रैल से 16 मई तक चलाया जायेगा। साथ ही अखड़ाधारियों को पत्र भेजकर संस्था में ग्यारह ग्यारह सदस्य उनके सुझाव से बनाया जायेगा। बैठक में निर्णय हुआ मुख्य शोभा यात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल करता आया है। हम सुदूर इलाके में जाकर अखाड़ाधारियों से मिलकर उनको होने वाली तकलीफों को दूर कर उन्हें अपना सहभागी बनायें। इसके पूर्व श्री महावीर मंडल के 31 कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनीत किया गया। सभी 31 सदस्यों को मनोनीत पत्र, फोटो युक्त आइडी कार्ड सहित जय श्री राम का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें राजा सेन गुप्ता, राज किशोर प्रसाद, राजू यादव, राकेश सिंह, ननकू तिर्की, नकुल तिर्की, राजेश रजक, विनोद सिंह, राकेश वर्मा (रिंकू), शंकर साहू, कमलेश यादव, सुनील यादव, अशोक यादव, सुनील यादव, मामा दीपक ओझा, अमरिंदर सिंह, रवींद्र शाह, रमेश गोप, सुनील रंजन सहाय, संजय पोद्दार, जगदीश वर्मा, आलोक दुबे, नरेश ठाकुर, अमरनाथ यादव, वरुण साहू, ललित पोद्दार, रघुवीर यादव, अनिल यादव, कामाख्या नारायण सिंह, पवन सिंह, महेंद्र यादव, सदस्य है। इस बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी, पवन गुप्ता, सह मंत्री संतोष गुप्ता, उदय रविदास, बलराम प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री सुनील वर्मा, अंकेक्षक प्रेम सिंह, प्रदीप लकड़ा, मयंक गिरी, निशांत सिन्हा, राजीव चौधरी, सागर कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर कमेटी गठित, बालकरन महतो बने अध्यक्ष

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी को लेकर प्रखंड के विभिन्न गावों के ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता बालकरण महतो ने की। जिसमें सर्वसम्मति से नगरी में श्री रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय महा समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से समाजिक कार्यकर्ता बालकरन महतो को अध्यक्ष, हेमंत केशरी महामंत्री, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर चौधरी एवं केदारनाथ साहू, कोषाध्यक्ष रघुनन्दन महतो, सह कोषाध्यक्ष रवि कुमार केशरी को बनाया गया। जबकि मुख्य संरक्षक के रूप में तपेशवर केशरी, दौलत राम केशरी, चूड़ामणि महतो, केशव भगत, शशि भूषणभगत, केदार महतो, संरक्षक त्रिवेणी नाथ साहू, सीताराम केशरी, मधुसूदन साहू, प्रेमसागर महतो, प्रो प्रेमसागर केशरी, रामजीवन केशरी, रामजीवन केशरी, उपेंद्र महतो, द्वारिका नाथ केशरी, मोहन चौधरी, दिनेश केशरी, चम्पा उरांव, शीला देवी, जय गोपाल उरांव, अमरनाथ महतो, मधुवा कच्छप, प्रभात महतो, पंचम किसपोटा, प्रमोद महतो, बसंत उरांव, संयोजक अरविंद भगत, डॉ पंकज राज, विनोद महतो, दीपक केशरी (घर संसार), भोला महतो, राजकुमार केशरी (डीलर), कमलेश केशरी (आकर्षण), अखिलेश केशरी (लाला), मनोज महतो, दीपक केशरी (गुगु), दीपक केशरी, तपोस महतो, उपाध्यक्ष विजय केशरी, अरविंद केशरी, राहुल चौधरी, मुख्य जुलूस प्रभारी रामबरन महतो, मोहन साहू, जुलूस प्रभारी राधे केशरी, गिरधारी यादव, शंभू महतो, कृष्णा महतो, अमर महतो, बलराम साहू, मंत्री छेदी राम, रामप्रवेश राम, देवानंद चौधरी, संगठन मंत्री गौरव राज, बंटी केशरी, श्रवण महतो, सूरज कुमार और मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार केशरी, चन्द्रशेखर पाठक आदि को बनाया गया है।

## अधेड़ लापता, थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेसल ग्राम निवासी बालेश्वर महतो (50) विगत सोमवार से घर से लापता हैं। परिजनों ने बताया कि 23 मार्च की सुबह वे हेसल शिव मंदिर प्रांगण की साफ सफाई करने की बात कहकर घर से निकले थे। उसके बाद घर वापस आकर स्नान करने के बाद पूजा के लिए मंदिर जाने की बात कह कर घर से निकले थे। उसके बाद से घर नहीं लौटे हैं। परिजनों ने काफी खोजबीन की पर कहीं कोई पता नहीं चला। बताया जा रहा कि उनकी मानसिक अवस्था ठीक नहीं है। इस संबंध में पुत्र नीतीश कुमार महतो ने अनगड़ा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

## अनगड़ा : ईद की नमाज का समय निर्धारित

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज का समय निर्धारित कर दिया गया है। विभिन्न गांवों के अंजुमन इस्लामियां कमेटी की ओर से जारी सूचना के अनुसार महेशपुर जामा मस्जिद में सुबह 8.15 बजे, मस्जिद ए फातिमतुज्जूहरा महेशपुर में सुबह 8.30 बजे, चिलदाग जामा मस्जिद में सुबह नौ बजे, आयशा मस्जिद चिलदाग में सुबह 8.30 बजे, हेसल जामा मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, मस्जिद ए जैतून हेसल में सुबह 8.15 बजे, राजाडेरा नूरानी मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, साल्हन मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, मस्जिद ए तैयबा मंझला टोली मासु में सुबह 8.30 बजे, जोन्हा मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, कुच्चु मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, बक्सीडीह मस्जिद में सुबह 8.30 बजे एवं सिकीदिरी मस्जिद में सुबह 8.30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी।

## लापुंग राजकीय मध्य विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय में वार्षिक सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ उषा मिंज उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और मेहनत से उच्चाइयों को छू सकते है। वर्ग आठ के बच्चों को इस विद्यालय से दूसरे विद्यालय के उच्च वर्ग के लिए अग्रसारित किया जा रहा है।इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। रांची स्पिंक्स में प्रथम रितु कुमारी, सामान्य ज्ञान में श्रवण कुमार, लोक गीत में दयामनि बारला, सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति में विक्की कुमार साहू, अनुशासन दुर्गा साहू, कविता पाठ में जीत महली, मंच संचालन विपुल लकड़ा के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, सीआरपी चंद्रमोहन ठाकुर, अनुरंजित कुल्लू, अनिमा बारला, कुसुम टोप्पो, रीता देवी, बिरसा बबीता कुंडलना, बसंती बागे, जयमनी हीरो, रंजीत कुमार, जीवेश्वर साय, अध्यक्ष आरती देवी आदि उपस्थित थे।

### नामकुम में रामनवमी महोत्सव को लेकर केंद्रीय समिति की बैठक

# शराब पर पूर्ण प्रतिबंध और पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था की अपील

### अखाड़ा में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री और विधायक सहित कई गणमान्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** श्री रामनवमी महोत्सव को लेकर शनिवार को नामकुम बाजार के अखाड़ा स्थल पर केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह ने की। इसमें रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। रविवार को महोत्सव पड़ने के कारण प्रशासन से अपील की गई कि छह अप्रैल को नामकुम बाजार में बाजार ना लगाई जाए। साथ ही बाजार के दिन शराब पर पूर्ण प्रतिबंध, अखाड़ा में प्रवेश करने वाले रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने और मेला के दिन अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने की मांग की गयी। साथ ही महिला पुलिस बल भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराने की अपील की गयी। स्वास्थ्य कैंप के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मां कलावती अस्पताल को पत्र दिया गया। अध्यक्ष एवं अखाड़ा अध्यक्ष ने बताया कि सभी मंडलों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। अखाड़ा में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व पुलिस महानिदेशक बीबी प्रधान उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष महावीर मंडल रांची जय सिंह यादव, नामकुम बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, हजारीबाग के पूर्व डीडीसी सहित अन्य अतिथि मेला में उपस्थित रहेंगे। बैठक में अनिल वर्मा, बिकु सिंह, संजीव सिंह, निखिल दागल सार, रिंकू राय, अनिल सिंह, छोटू गोप, मंटू राय, अमित श्रीवास्तव, नंदकिशोर सिंह, शारदा देवी, अनुप्रभा देवी, रूपा चौहान, सुषमा देवी, जयंती देवी, मीनू सिंह, प्रकाश भारती, विकास सिंह, आशीष बेक, सूरजमणि सिंह और शंभु वर्मा आदि उपस्थित थे।



बैठक में मौजूद केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल के सदस्य।

## नामकुम की जोरार बस्ती से नहीं निकलेगी सरहुल और रामनवमी की शोभायात्रा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जोरार बस्ती में शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वार्ड 47 के पूर्व परिषद पूर्व पार्षद किरण सांगा ने की। बैठक में गांववासियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष सरहुल और रामनवमी की शोभा यात्रा नहीं निकाली जाएगी। हालांकि गांव में दोनों पर्वों की पारंपरिक पूजा-अर्चना की जाएगी। बैठक में अध्यक्षता कर रहे किरण सांगा ने बताया कि इस निर्णय के पीछे होली के दिन हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। होली के दौरान नामकुम जोरार बस्ती और नामकुम खटाल के बीच हुई मारपीट में जोरार निवासी सोनू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। बैठक में गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे, जिन्होंने एकमत होकर यह फैसला लिया कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए इस वर्ष शोभा यात्रा नहीं निकाली जाएगी।

## विक्षिप्त महिला को रिनपास भेजा गया

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने शुक्रवार को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए रांची के रिनपास भेजा। बताया कि उन्हें सूचना मिली कि मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला जरिया पुरनाडीह में है। उन्होंने एक महिला पुलिस को भेजा। कुछ पता नहीं चलने पर विक्षिप्त महिला को रिनपास भेज दिया। थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील की कि यदि कोई उसे पहचान सके तो इसकी सूचना स्वजनों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

## ईद और सरहुल त्योहार को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** मरवा साइंस विजन पब्लिक स्कूल में वर्ग 10वीं के बच्चों ने ईद एवं सरहुल त्योहार को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बच्चों ने एकजुट होकर त्योहारों को मनाने का आह्वान किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच ईद कीट भेंट की। निदेशक आसीम अख्तर ने देशवासियों को त्योहारों के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि मिलजुल कर त्योहार मनाना चाहिए। वहीं प्राचार्या बीना राम ने कहा कि त्योहार हमारी परंपरा एवं एकता का प्रतीक है। इस मौके पर दमयंती सिंह, राजउर रहमान, मोइनुल इस्लाम, रीना साहू, मौसमी साहू, मसीउल्लाह अंसारी, मनिता देवी, कौशरी नाज, ललिता देवी, मनोज कुमार, जाबिर अंसारी, पुनम कुमारी एवं शमीम अंसारी आदि मौजूद थे।

## मासिक लोक अदालत में 106 वादों का निष्पादन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिये 8 बेंच का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में कुल 106 वादों का निष्पादन किया गया एवं 4.50 लाख रुपये के निष्पादन राशि की प्राप्ति हुई। विदित हो कि मासिक लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था, ताकि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

## किसानों के बीच गजेंद्र ओल बीज का वितरण

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित हेसातू पंचायत भवन में किसानों के बीच गजेंद्र किस्म की ओल बीज का वितरण किया गया। बीज उद्यान विकास विभाग की ओर से आवंटन किया गया है। इस कार्यक्रम में नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ओल की किस्म गजेंद्र हाईब्रिड है। उन्होंने किसानों से अच्छे से रख रखाव की अपील की है। उन्होंने बेहतर पैदावार के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती करने का आग्रह किया है। वहीं प्रखंड संयोजक एतवा उरांव ने बताया कि ओल 11, अदरख 15 किसानों को दिया गया है। इस मौके विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, मुखिया अनिता बरला, पंसस बबीता देवी, ग्राम प्रधान निर्मल करमाली, उद्यान मित्र दुती बेदिया, रेशमा देवी, किशोर बेदिया, गोवर्धन बेदिया, बालेश्वर बेदिया और बबलू तूरी आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो के कोकड़े में सरहुल पूजा को लेकर बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घघरा पंचायत के कोकड़े गांव में सरहुल पूजा को लेकर फागू मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड के प्रांत संयोजक हिन्दुवा उरांव भी शामिल हुए। बैठक में भगवान बिरसा मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव की विचार धारा पर चलकर हमारा गांव हमारा समाज कैसे एक मंच पर आएगा, कैसे एकजुटता बढ़ेगी, समाज में जो छोटी-छोटी गलतियां-त्रुटियों को दूर करने आदि को लेकर चर्चा की गयी। हिन्दुवा उरांव ने कहा कि कुछ गलतियों के कारण आज आदिवासी समाज गलत दिशा में जा रहा है। जिसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा गांव कि परंपरा के अनुसार पहले हमारे समाज के लोग अखरा में बैठकर गांव और पंचायत में होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते थे। लेकिन आज यह नहीं हो रहा है। इसको सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मानने और पुरखा के सफेद झंडा ही लगाने का निर्णय लिया। इस दौरान गांव के लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर को अपने सीने से लगाकर गांव के अखरा में शपथ लेते हुए गांव के सभी घरों में सफेद झंडा लगाने का शपथ लिया।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand.

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University
Morabadi, Ranchi-834008
Website : www.dspmuranchi.ac.in

Notice for Appointment of Contractual Teachers

In continuation of University Letter Vide Memo No. DSPMU/G/858/23, Dated 11.12.2023, applications are invited from eligible candidates for appointment of Contractual Teachers in the **School of Management Studies** in the prescribed proforma available on University Website **www.dspmuranchi.ac.in** latest by **08.04.2025**, at **5:00 P.M.**

For details visit University Website : **www.dspmuranchi.ac.in**

By the Order of Vice-Chancellor,

**Memo No. :** DSPMU/G/219/25
**Date** : 29.03.2025

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi.

**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of User Fee at Toll Plaza Kothiya (Km. 109+880) near village Kothiya in district Dumka on NH-133**

All concerned are herewith informed that the user fee will be collected at Toll Plaza Kothiya (Km. 109+880) near Kothiya village in district Dumka for the stretch from Km. 94+000 to Km. 131+000 of NH-133 (Dumka- Deoghar section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00:00:00 hrs. of dated 01.04.2025.

**Revised user fee rate of Kothiya Toll Plaza w.e.f. 01.04.2025**

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 35 | 50 | 1125 | 15 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 55 | 80 | 1815 | 25 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 115 | 170 | 3805 | 55 |
| Three –axle commercial vehicles | 125 | 185 | 4150 | 60 |
| HCM or EME or MAV (four to six) | 180 | 270 | 5965 | 90 |
| Oversized Vehicles (seven or more axles) | 220 | 325 | 7260 | 110 |

The rate of monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km. from the Toll Plaza for the year 2025-26 shall be Rs.350/-.

Project Director
National Highways Authority of India,
PIU- Deoghar
Fulwati Kunj, Dabargram, Jasidih, Deoghar, Jharkhand-814142
Email: piudeoghar@nhai.org

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **(1) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-51, दिनांक: 27.03.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक रिलेयिंग ट्रेन (टीआरटी) द्वारा राउरकेला-झारसुगुड़ा जंक्शन (डाउन) स्टेशनों के बीच 53.806 टीकिमी. का सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (पी), बीसीएम एवं टी-28 द्वारा डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,71,48,705.66। **बयाना राशि:** ₹ 4,35,800। **(2) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-52, दिनांक: 27.03.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक रिलेयिंग ट्रेन (टीआरटी) द्वारा राउरकेला-झारसुगुड़ा जंक्शन (अप) स्टेशनों के बीच 67.034 टीकिमी. का सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (पी), बीसीएम एवं टी-28 द्वारा डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 8,27,31,763.15। **बयाना राशि:** ₹ 5,63,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 21.04.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-1282)**

## बेड़ो में डेंटल एंड ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का हुआ आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एनओएचपी ओरल हेल्थ माह सेलिब्रेशन के तहत बेड़ो प्रखंड के लमकाना गांव में डेंटल एंड ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान 49 मरीजों का ओरल स्क्रीनिंग किया गया। दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन एवं डॉ श्रुति कुमारी ने शिविर में आए मरीजों को दंत रोग एवं उससे बचाव के बारे में विस्तार से बताया। जरूरतमंद मरीजों के बीच में मुफ्त टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, माउथ वाश एवं दवाओं का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी, दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन, बीपीएम अमिता लाल, डेंटल असिस्टेंट अजय करकेटा, सीएचओ नेहा खुशबू, एएनएम जानकी देवी और सुवंती आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### जशपुरिया बीएड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मना सरहुल पर्व

# सरहुल केवल त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और प्रेम का प्रतीक है: जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जशपुरिया बीएड कॉलेज बिसा में शनिवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, प्रशिक्षुओं एवं विशिष्ट अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के स्वागत से हुआ। उन्होंने कहा कि सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और प्रेम का प्रतीक है। यह हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर समाजसेवी विगेश्वर महतो ने सरहुल पर्व की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई, जिसे मनीषा एवं उनके साथियों ने प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रशिक्षु रोज कंडूलना ने सरहुल पर्व के महत्व पर भाषण दिया। सरहुल की पारंपरिक छटा बिखेरते हुए प्रशिक्षु स्वाति एवं उनके साथियों ने मोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक सरहुल नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सहायक आचार्य प्रवीण सिंह कुशवाहा ने सरहुल पर्व की सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्ता पर विचार साझा किये। प्रशिक्षु अमिषा एवं उनके साथियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि प्रशिक्षु रोज एवं उनके साथियों ने सरहुल गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। प्रशिक्षु होलिका कुमारी ने नागपुरी भाषा में प्रभावशाली भाषण दिया। प्रशिक्षु सपना एवं उनके साथियों ने मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा बीएड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में फैशन शो प्रस्तुत किया। इस संपूर्ण आयोजन का मंच संचालन प्रशिक्षु तपेश्वर हजाम एवं जूली होरो ने किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य सरिता कुमारी, रीमा उपासना कच्छप, डॉ प्रियंका शर्मा, रंचन कुमारी, साजिब कुमार, प्रवीण कुमार रवि, डॉ नीलिमा तिर्की, प्रभा हेनरी, किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के मधु कुमारी, सीमा कुमारी, रामचंद्र सिंह, ज्योति कुमारी, रश्मि कुमारी और मनोहर सिंह आदि उपस्थित रहे।




**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**

**Tender reference:-12/HZB/2024-25** **Date :- 28.03.2025**

| Sl. No. | Name of the work | Estimate Cost (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Estimate for dismantling of old elevated service reservoir (ESR) and construction of new elevated service reservoir (ESR) of 1,00,000 Lakh Ltr capacity at Indra Gandhi Balika Vidhyalya Hazaribagh Under DW& S Division Hazaribagh on Turn key basis for the year 2024-25 | 24,98,802.00 | 50000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:- 05.04.2025 up to 02:00 PM | | | |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:- 13.04.2025 up to 05:00 PM | | | |
| 4. | In the Reference Letter No-230 dt.- 03.10.2023 of the Secretary to the Government ministry of Information Technology e-governance, Jharkhand Last Date & Time for Online Deposit Cost of BOQ & EMD | Date:- 13.04.2025 up to 05:00 PM | | | |
| 5. | Date of opening tender | Date:- 15.04.2025 | | | |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division,Hazaribag

**PR 349547 Drinking Water and Sanitation(24-25).D**

# पुरुषों को कानूनी संरक्षण

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय दिया, जिसमें एक 11 साल की बच्ची के साथ कुछ लड़कों द्वारा किये जाने वाले दुष्कर्म की कोशिश को यौन शोषण कानून की बजाय दूसरे आपराधिक कानून लागू करने के लिए कहा गया। उसकी गूंज उच्चतम न्यायालय से लेकर संसद तक सुनायी दी। इसे अमानवीय और असंवेदनशील करार दिया गया। इसके विपरीत हमारे देश में ऐसे भी अनेक मामले हैं, जिनमें 10 से 20 वर्ष तक इन सख्त कानूनों के अंतर्गत मिली सजा के कारण किसी निर्दोष को जेल में रहना पड़ा और बहुत ही मुश्किल से रिहाई हुई। कुछ तो आज भी निरपराध होते हुए यौन अपराध की सजा भुगत रहे हैं, जो उन्होंने किया ही नहीं। प्रश्न यह है कि क्या कानून इतना लचीला है कि कोई भी जज या वकील अथवा कोई अधिकारी, जिनमें पुलिस और प्रशासन के लोग शामिल होते हैं, उनमें से कोई अपनी इच्छा के अनुसार कार्रवाई कर सकता है और फैसला कर सकता है। बाल यौन शोषण के लिए सन 2012 में पॉक्सो एक्ट बना। न्याय संहिता के अंतर्गत 376 और अन्य धाराएं हैं ही और ये सब इतने कठोर हैं कि निर्ममता की सीमाएं लांघ जाते हैं। मान लीजिए कि आपने किसी बच्ची, जो आपसे परिचित भी हो सकती है और नहीं भी, आपने उसके गाल को स्पर्श कर दिया तो यह साबित होने से पहले कि आपने यह बाल सुलभ प्यार के कारण किया था या मन में उसके प्रति कोई दूषित भावना थी, आप दोषी सिद्ध किए जा सकते हैं। इसी प्रकार यदि किसी महिला के काम से खुश होकर या उसके केवल सौंदर्य से प्रभावित होकर कोई टिप्पणी कर दी तो दो संभावनाएं हो जाती हैं कि या तो आपने प्रशंसा के उद्देश्य से ऐसा किया या मन में वासना के कारण किया। कानून केवल इसे यौन शोषण की कोशिश ही मानेगा। बच्ची हो या महिला, यह तय करना लगभग असंभव है कि किस ने किस भाव से प्रेरित होकर यह काम किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा अपना निर्णय सुनाने की प्रक्रिया में यह सोच भी हो सकती है कि इन 2 युवकों का पूरा जीवन नष्ट कर देने का निर्णय लें या कम सजा देने के लिए दूसरी धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करने का आदेश दें। इस मामले में गवाह भी एक राहगीर था, जिसने यह सब देखा और युवकों को भागने के लिए मजबूर कर दिया और बच्ची सुरक्षित हो गयी। जहां तक कानून की बात है, उसमें कुछ वर्षों से लेकर आजीवन कैद तक की सजा दी जा सकती है। पॉक्सो एक्ट इतना सख्त है कि कहीं कोई गुंजाइश ही नहीं है कि व्यक्ति अपने को निर्दोष साबित करने के लिए कोई दलील दे सके। उल्लेखनीय है कि 18 वर्ष से कम को बच्चों की ही श्रेणी में रखा गया है। इसमें वह सब कुछ शामिल कर लिया गया जिसकी कल्पना की जा सकती थी कि यह सब कुछ हो सकता है और इसके लिए जुर्माना, कठोर कारावास या दोनों दिये जा सकते हैं।

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा अपना निर्णय सुनाने की प्रक्रिया में यह सोच भी हो सकती है कि इन 2 युवकों का पूरा जीवन नष्ट कर देने का निर्णय लें या कम सजा देने के लिए दूसरी धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करने का आदेश दें।**

अभिमत आजाद सिपाही

**पुलिस अधिकारियों की ओर से जिस दरिंदगी के साथ कर्नल बाठ के साथ दुर्व्यवहार किया गया है, उसका असर समस्त सेना पर भी पड़ना स्वाभाविक होगा। चाहिए तो यह था कि स्टेशन हैडक्वार्टर तुरंत हरकत में आकर जरूरी कार्रवाई करता। मोहाली मीटिंग के दौरान विंग कमांडर अरविंद ने यह सवाल किया कि सेना के मुख्यालय में आरटी किसलिए है? सेना मुख्यालय को चाहिए कि वह अपने स्तर पर कार्रवाई करने के साथ-साथ राष्ट्रीय मानवीय अधिकार आयोग को भी बनती कार्रवाई करने के लिए अपील करता।**

# सेना की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना देशहित में नहीं

**कुलदीप सिंह काहलों**

देश की 'दाईं भुजा' के तौर पर जाने जाते पंजाब के योद्धाओं ने देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखते हुए हजारों की तादाद में बेमिसाल कुर्बानियां दीं और आज भी हरेक दिन पंजाब में सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रसंग में वर्णनीय है कि पंजाब में जंगी विधवाओं की गिनती देश भर में सबसे अधिक है। देश के रखवालों, वीरों और पूर्व सैनिकों के लिए समय-समय की सरकारों की ओर से उन्हें इज्जत, सम्मान और समस्त सेना का दर्जा बहाल करने के लिए कोई राष्ट्रीय नीति नहीं बनायी गयी।

सबसे अधिक चिंताजनक और अफसोसजनक बात यह है कि गत कुछ दिनों के भीतर पंजाब पुलिस की ओर से जिस अमानवीय तरीके से सेना में तैनात अधिकारियों के खिलाफ उत्पीड़न किये जा रहे हैं, उसने सशस्त्र बलों के अक्स को गहरी ठेस पहुंचाई है, जोकि न ही बर्दाश्त करने योग्य है और न ही देश के हित में है।

**मामला क्या है? :** पहली अफसोसजनक घटना 13 मार्च की रात को घटी जब कर्नल पुष्पिंद्र सिंह बाठ जोकि सेना मुख्यालय नयी दिल्ली में किसी संवेदनशील पद पर तैनात हैं, ने पटियाला पहुंच कर अपने बेटे अंगद सिंह के साथ राजिंद्रा अस्पताल के निकट ढाबे के बाहर गाड़ी खड़ी की थी। इस स्थान पर तीन पुलिस इंस्पेक्टरों सहित 12 पुलिस कर्मचारी भी पहुंच गये और पार्किंग स्थल को लेकर विवाद पैदा हो गया। अंगद के बयान के अनुसार उनके पिता की ओर से अपनी पहचान करवाने के बावजूद निहायत बेदर्दी और वहशीपन तथा असभ्य ढंग से उनकी पिटाई कर दी गयी, जिसके कारण कर्नल बाठ को गंभीर चोटें आयीं और उनका बायां बाजू भी टूट गया। जब अपने पिता को जालिमों के पंजों से मुक्त करवाने की कोशिश की गयी, तो उन पर भी वार शुरू कर दिये गये। अंगद के अनुसार एक पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा, 'मैं अभी अपहरणकर्ताओं के साथ आप्रेशन करके आ रहा हूं और कहीं तुम्हारे साथ दूसरा एनकाऊंटर न करना पड़ जाये।' दोनों पिता-पुत्र सैन्य अस्पताल में उपचाराधीन हैं।





**उल्लेखनीय है कि मोहाली स्थित सैन्य भाईचारे की विशेष हंगामी बैठक में ब्रिगेडियर हरवंत सिंह, कर्नल सोही, कर्नल विर्क और कैप्टन मुल्तानी, कैप्टन सिद्धू तथा कुछ अन्य अधिकारियों द्वारा अपने विचार रखने के उपरांत कुछ प्रस्ताव पास किये गये और अपनी मांगें भी रखी गयीं।**

जानकारी यह भी है कि पुलिस ने ढाबा मालिक की ओर से बयान दर्ज करवा कर अज्ञात व्यक्तियों के ऊपर एफआइआर दर्ज की है। जसविंद्र कौर बाठ तथा समस्त सैन्य भाईचारा यह मांग कर रहा है कि 12 पुलिस कर्मियों के खिलाफ बाई नेम केस दर्ज हो। वहीं पंजाब सरकार की ओर से नियुक्त एक आइएएस अधिकारी द्वारा जांच करने के कार्य को बाठ परिवार ने ठुकरा दिया है और सीबीआइ जांच की मांग की है। 22 मार्च को पटियाला के डीसी कार्यालय के समक्ष शांतमयी ढंग से विरोध-प्रदर्शन करने के लिए पूर्व सैनिक एकत्रित हुए। यह तो अब समय ही बतायेगा कि सैनिकों की आबरू के साथ जुड़ा मसला क्या रुख दिखायेगा? 20 मार्च को जब लेखक सेना के मोहाली स्थित कर्नल गुरप्रकाश सिंह विर्क को-आडीर्नेटर की ओर से पूर्व सैनिकों की बैठक में रणनीति तय करने के लिए जा रहा था, तो जग बाणी की 20 मार्च वाली अखबार के पृष्ठ पांच पर यह समाचार पढ़ने को मिला कि अमृतसर में एक जवान के साथ पंजाब पुलिस के कर्मचारी की ओर से मारपीट करने के साथ जातिसूचक शब्द भी बोले गये। पंजाब के अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसबीर सिंह की दखलअंदाजी के बाद ही केस दर्ज हुआ। सेना के साथ दुर्व्यवहार, नाइंसाफी और मारपीट के मामले अक्सर होते रहते हैं और उनकी कोई पूछताछ नहीं करता। पंजाब सरकार की ओर से सैन्य भाईचारे की अनदेखी करना उसे महंगा पड़ सकता है।

**बाज वाली नजर :** पुलिस अधिकारियों की ओर से जिस दरिंदगी के साथ कर्नल बाठ के साथ दुर्व्यवहार किया गया है, उसका असर समस्त सेना पर भी पड़ना स्वाभाविक होगा। चाहिए तो यह था कि स्टेशन हैडक्वार्टर तुरंत हरकत में आकर जरूरी कार्रवाई करता।

मोहाली मीटिंग के दौरान विंग कमांडर अरविंद ने यह सवाल किया कि सेना के मुख्यालय में आरटी किसलिए हैं? सेना मुख्यालय को चाहिए कि वह अपने स्तर पर कार्रवाई करने के साथ-साथ राष्ट्रीय मानवीय अधिकार आयोग को भी बनती कार्रवाई करने के लिए अपील करता।

सीडीएस को चाहिए कि रक्षा मंत्री को भरोसे में लेकर सैन्य वर्ग के समस्त कल्याण हेतु राष्ट्रीय नीति और राष्ट्रीय आयोग कायम किया जाये। उल्लेखनीय है कि मोहाली स्थित सैन्य भाईचारे की विशेष हंगामी बैठक में ब्रिगेडियर हरवंत सिंह, कर्नल सोही, कर्नल विर्क और कैप्टन मुल्तानी, कैप्टन सिद्धू तथा कुछ अन्य अधिकारियों द्वारा अपने विचार रखने के उपरांत कुछ प्रस्ताव पास किये गये और अपनी मांगें भी रखी गयीं। इस मौके पर कहा गया है कि 12 पुलिस अपराधी अधिकारियों के खिलाफ बाईनेम एफआइआर दर्ज करवा कर कड़ी सजा दिलवाई जाये, वहीं सर्वोच्च न्यायालय या हाइकोर्ट की ओर से उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाई जाये। धारा 366 के तहत पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये।

सैन्य मसलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना की जाये। संसद की स्थायी मामलों से संबंधित कमेटी ने अपनी पिछली रिपोर्ट में यह दर्ज किया था कि हर तीन महीने के उपरांत हर जिला स्तर पर सैनिकों की समस्याओं को लेकर बैठकें कर इनकी तकलीफें दूर की जायें, जोकि नहीं हो रहा। यदि समस्त सैन्य भाईचारा पार्टी स्तर से ऊपर उठ कर एकजुटता के साथ राजनीतिक नेताओं को संयुक्त तौर पर चुनौती देगा तो ही कोई इंसाफ की उम्मीद की जा सकती है।

**(लेखक : रिटायर ब्रिगेडियर हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# झारखंड में रेलवे का अभूतपूर्व विकास



**विद्युत बरन महतो**

वीर बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड की अपनी विशिष्ट पहचान है। क्रांतिकारी आंदोलन और खनिज संपदा के लिए विख्यात इस प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयासों से रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार की नयी कहानी लिखी जा रही है। बीते दशक में राज्य ने रेलवे नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। नई रेलवे लाइनों का निर्माण, डबलिंग, विद्युतीकरण, आधुनिक स्टेशन और वंदे भारत जैसी सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरूआत का विकास इन सभी परियोजनाओं ने झारखंड को रेलवे कनेक्टिविटी के नए युग में प्रवेश करा दिया है।

**वंदे भारत का झारखंड में ऐतिहासिक प्रवेश :** बीते दशक में झारखंड ने औद्योगिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में अनगिनत उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अब वंदे भारत एक्सप्रेस इस गौरवशाली सफर को और आगे ले जा रही है। 27 जून 2023 को झारखंड की धरती पर एक नया इतिहास रचा गया, जब पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि झारखंड की प्रगति, तकनीकी नवाचार और तेजी से बढ़ते रेल नेटवर्क का प्रतीक बनी। आज झारखंड में 12 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं, जो 14 जिलों को जोड़ते हुए 22 स्टॉपेज तक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचा रही हैं।

**वंदे भारत : झारखंड के विकास में एक नयी क्रांति :** सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस झारखंड की रेलवे कनेक्टिविटी को आधुनिकता और सुविधा का नया स्तर प्रदान कर रही है। तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ यह ट्रेन राज्य के विभिन्न जिलों को एक मजबूत और तेज रेल नेटवर्क से जोड़ रही है। इससे व्यापार, पर्यटन और उद्योगों को भी नया प्रोत्साहन मिल रहा है।

वंदे भारत एक्सप्रेस का झारखंड में आगमन केवल रेल यात्रा में बदलाव नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ट्रेन न केवल झारखंड को देश के अन्य हिस्सों से तेजी से जोड़ रही है, बल्कि राज्य के लोगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी मदद कर रही है झारखंड अब केवल खनिजों और संसाधनों का प्रदेश नहीं, बल्कि तकनीकी नवाचार और विकास की मिसाल भी बन रहा है। झारखंड में वंदे भारत के दौड़ते पहिए के साथ प्रगति की बात हो रही है। राज्य सरकार से पर्याप्त सहयोग न मिलने के बावजूद केंद्र सरकार ने झारखंड की रेल परियोजनाओं के लिए 7,306 करोड़ की राशि वित्त वर्ष 2025-26 में उपलब्ध करायी है, जो उस बात का परिचायक है कि भारत सरकार सभी प्रदेशों साथ समभाव रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका विश्वास का मूल मंत्रा समाज और राष्ट्र के निर्माण में मील का पत्थर साबित हुआ है।

**हम विकास पथ के राही,**
**हम अनंत तक जायेंगे**
**हम सपनों के झारखंड को,**
**मंज़िल तक पहुंचायेंगे।**

**(लेखक : तीन बार से जमशेदपुर के सांसद हैं।)**

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अर्जुन राम मेघवाल से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

# नेशनल हाइवे की सड़कों की मरम्मत की मांग रखी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। शनिवार को मुलाकात के दौरान चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री गडकरी को ज्ञापन सौंप कर जमशेदपुर राउरकेला फोरलेन सड़क, टाटानगर-हाता-रायरंगपुर-जशीपुर फोरलेन सड़क (एनएच-220) और एनएच-33 के मरम्मतीकरण की मांग रखी। मंत्री ने बताया एनएच-320जी का डीपीआर तैयार किया जा रहा है, जबकि एनएच-220 के डीपीआर का कार्य अगले वर्ष शुरू होगा। एनएच-33 के मरम्मतीकरण और रखरखाव का कार्य प्रगति पर है। वहीं महासचिव मानव केडिया और उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया ने वाहन फिटनेस सेंटर और स्क्रैपिंग सेंटर की स्थापना सहित परिवहन विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। श्री गडकरी ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से भी मुलाकात कर व्यापारिक एवं औद्योगिक मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), सचिव भरत मकानी, बिनोद शर्मा एवं अंशुल रिंगसिया उपस्थित रहे।





## झामुमो मानगो नगर समिति का पुनर्गठन

# निर्विरोध अध्यक्ष बने फतेचंद टुडू



**सचिव का पदभार प्रभात सिंह को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति का एक बैठक पुराना पुरुलिया रोड स्थित अपना मैरेज हॉल में संपन्न हुआ। शनिवार को बैठक के दौरान नगर समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक गोपाल महतो और प्रभुनाथ राय के उपस्थिति में नयी समिति का गठन किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में मोहन कर्मकार, शेख बदरुद्दीन खान, प्रमोद लाल, योगेंद्र सिंह निराला, केएन ठाकुर, महावीर मुर्मू, फरयाज खान, पहलाद लोहरा एवं गोविंदा चालक मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुनर्गठन प्रक्रिया में आपसी सहमति से अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को निर्विरोध चुना गया, लेकिन सचिव पद को लेकर सहमति नहीं बन सकी। बाद में इस पद के लिए चुनाव कराया गया। चुनाव के बाद पर्यवेक्षक गोपाल महतो और प्रभुनाथ राय के द्वारा अध्यक्ष फतेचंद टुडू, सचिव प्रभात सिंह और कोषाध्यक्ष शेख अजहरुद्दीन के नाम की घोषणा की गयी।

# रोटरी ग्रीन का जल संरक्षण और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के बाराद्वारी स्थित पीपुल्स एकेडेमी स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ग्रीन द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रोटरी ग्रीन के सदस्य विजय सिंह ने जल और स्वच्छता के बीच गहरे संबंध पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री सिंह ने कहा जल के बिना स्वच्छता की कल्पना असंभव है। उन्होंने दूषित पानी से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2030 तक पीने योग्य पानी को प्रदूषण मुक्त करने के अभियान की चर्चा करते हुए युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। रोटरी ग्रीन की अध्यक्ष अनन्ना दत्ता ने जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि नीलम जायसवाल ने चलाये जा रहे विभिन्न जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। इस अवसर पर रंजीत सिंह टॉक, शौविक साहा, सीपीआर प्रशिक्षक और प्रधानाध्यापक चंद्रदीप पांडे आदि रहे।

# डीजीपी से मिला गृहरक्षा वाहिनी और झारखंड रक्षावाहिनी स्वयंसेवक संघ का प्रतिनिधिमंडल



**रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक और झारखंड रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रतिनिधि मंडल ने विभाग के डीजीपी एमएस भाटिया से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने राज्य में गृह रक्षकों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने गृह रक्षकों की विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। जानकारी मिलने पर डीजीपी श्री भाटिया ने विधि-सम्मत समाधान हेतु सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा ने इसकी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश संगठन सचिव बरसा भेगार, कोषाध्यक्ष हरे राम सिंह, झारखंड रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के प्रदेश महासचिव लालाराम, भोलानाथ भोक्ता, रामदयाल टूटी, रानू मुंडा, राजन महतो, जयप्रकाश सिंह, कृष्णानंद राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आदिवासी किसान मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए सीएम से लगा रहे न्याय की गुहार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने की दावा करती है, लेकिन जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के दलदली पंचायत अंतर्गत ईटानारा गांव के आदिवासी किसान इंद्रजीत किस्कू और उनकी पत्नी श्रीमती किस्कू आज भी सरकारी सहायता से वंचित हैं। शनिवार को आजाद सिपाही के संवाददाता से बातचीत के दौरान इंद्रजीत किस्कू ने बताया तीन वर्ष पूर्व चार भाइयों के बीच संपत्ति बंटवारे के बाद उन्हें 20 एकड़ कृषि भूमि मिली थी। सीमित संसाधनों के बावजूद वे धान और सब्जी की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। लेकिन पर्याप्त कृषि उपकरण न होने के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इंद्रजीत किस्कू ने बताया मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 10 लाख रुपये लोन के लिए वर्सों पूर्व कल्याण विभाग में आवेदन किया था। इसके अलावा उन्होंने खेत के लिए 40% सब्सिडी पर ट्रैक्टर प्राप्त करने हेतु अपनी पत्नी के नाम से भी आवेदन किया था। इसके लिए स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी भी आश्वासन दिए थे। उस दौरान दीपक बिरुवा मंत्री थे। लेकिन अब कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा है। उन्होंने कहा सरकारी कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने के बावजूद उन्हें आज तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका। वर्षों से सिर्फ सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए आग्रह किया ताकि उन्हें जल्द से जल्द सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और वे अपनी आजीविका सुचारू रूप से चलाकर अपने बच्चों की शिक्षा जारी रख सकें।

# मिलन चौक में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में त्रिदिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका जागरण रात्रि शनिवार को हुआ। वही आयोजक समिति के सदस्य दिलीप कुमार दास ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिलन चौक में हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के विभिन्न संकीर्तन मंडली भाग लिया। उन्होंने बताया कि संकीर्तन मंडली में पंचानन पातर पिलिद, गोपाल दास चुनीडीह, रेंगटु दास पीलीद,भरत दास लांडुपडीह और मानिक लायेक चांडिल ने भाग लिया।

# मारपीट के आरोप में पति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी शिवपुरी कॉलोनी केडी में रहने वाले अभिषेक तिवारी नामक युवक को खलारी पुलिस ने पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला पत्नी के साथ मारपीट का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार अभिषेक तिवारी और गुमला की रहने वाली मनीषा कुमारी की साल 2020 में कोर्ट मैरिज शादी हुई थी। इसके बाद वह अपने पति के साथ खलारी में ही रहती थी। शादी के बाद से ही पति अभिषेक तिवारी शराब के नशे में रोज अपनी पत्नी मनीषा के साथ मारपीट किया करता था। 27 मार्च 2025 की शाम भी अभिषेक शराब पीकर घर पहुंचने के बाद पत्नी मनीषा को पिस्तौल के बैट से मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की नीयत से पिस्तौल तान दी। इसके बाद पत्नी मनीषा ने इसकी शिकायत खलारी पुलिस से की, पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए छापेमारी कर अभिषेक तिवारी को घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभिषेक के घर में रखें एक देशी पिस्तौल और दो गोली को बरामद किया है। पुलिस ने धारा बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में दो अप्रैल से तीन दिवसीय वैदिक शिविर का आयोजन होगा

**बुंड (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल बुंडू में दो अप्रैल से तीन दिवसीय वैदिक शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में स्कूल के छात्र-छात्राओं को अनुशासन देश प्रेम, वैदिक संस्कार, संस्कृति के प्रति आदर, संहिता, भाईचारा जीवन में अपनाने के लिए शिक्षा दी जायेगी। जिसमें मुख्य अतिथि सुशील गुप्ता और विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न लाल गुप्ता होंगे। इस शिविर में वैदिक प्रवक्ता आचार्य योगेश और पंडित सत्य प्रकाश कार्यक्रम में भाग लेगें। इसकी जानकारी स्कूल प्राचार्य दीपक कुमार ने दी है।

# बुरूहातू में सरहुल महोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/रड़गांव।** तमाड़ प्रखंड के बुरूहातू में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। सरहुल अखाड़ा में पारंपरिक पोशाक पहन कर सरहुल नृत्य किया गया। नृत्य के पहले पाहन द्वारा पूरी विधि विधान से साल वृक्ष का पूजा-अर्चना की गयी। इस समारोह में समाजसेवी सीताराम मुंडा, प्रधान मुंडा, भैयाराम सिंह मुंडा,मनन सिंह मुंडा, कालीचरण पातर, विशाल पातर, संजय मुंडा, बाघराय मुंडा के अलावे सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया।

### जिलास्तरीय सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह

# स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं सहिया और सीएचओ : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर भवन खूंटी में शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति खूंटी द्वारा जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन-सह-सीएचओ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सिविल सर्जन ने स्वागत भाषण करते हुए उपायुक्त समेत उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौकें पर उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं में सहियाओं और सीएचओ की भूमिका की सराहना की। आप स्वस्थ विभाग की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्य साहिया और सीएचओ को आगे भी और समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी और सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।




उपायुक्त ने हर सप्ताह आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने में स्वास्थ्य साहिया और सीएचओ की भूमिका पर भी बल दिया, जिससे किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन का प्रयास है कि ग्राम स्तर तक लोग स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। इस अवसर पर स्वास्थ्य सहियाओं, सीएचओ और जैस के अध्यक्ष को उत्कृष्ट कार्य करने कें लिए उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी को प्रमाणपत्र, शील्ड एवं पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ एन मांझी, आइइसी नोडल डॉ लाल मांझी, राज्य प्रशिक्षण समंवयक डॉ मनीर अहमद समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज स्पोर्ट्स बुंडू ने परासी एफसी को 4-1 से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पांच परगना क्षेत्र का फुटबॉल लीग ग्रुप ए का सातवां मैच राज स्पोर्ट्स बुंडू और परासी एफसी के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले मे राज स्पोर्ट्स के रामेश्वर मुंडा ने 17वे मिनट पर पहला गोल कर टीम कों 1-0 की बढ़त दिलाई। पारसी एफसी जवाबी कारवाई करते हुए गुरुचरण मुंडा के द्वारा 22वें मिनट पर पहला गोल कर मैच कों बराबरी पर ला दिया। राज स्पोर्ट्स के सूरज मुंडा ने 36वें मिनट पर दुसरा, गोखेन मुंडा के द्वारा 75वे मिनट पर तीसरा, और अरुण मुंडा के द्वारा 77वां मिनट पर चौथा गोल मारकर टीम कों चार-एक से जीत दिलाया। मैन ऑफ द मैच का खिताब सुरज मुंडा कों नुरिडीह के ग्रामप्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा के द्वारा सम्मानित किया गया। मैच का संचालन करम मुंडा, राकेश सेठ और नीरज हंस ने किया। लीग का आठवां मैच ग्रुप बी लिटिल स्टार कितादेर और जबाज ब्रदर्स के बीच रविवार कों शाम 3 बजे खेला जायेगा। मैच के दौरान दौरान आयोजक पीपीएसए के सभी पदाधिकारी, मदन मुंडा, प्रमिला कुमारी, चांदनी कुमारी, संजोति कुमारी, शकुंतला कुमारी, जीविका मुंडा लखी कुमारी, धीरज हंस, फागुराम मुंडा और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** नवसृजित प्राथमिक विद्यालय केडी बजार खलारी का शनिवार को विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के कक्षाओं में जाकर बच्चों एवं स्कूल के एक मात्र शिक्षक अशोक कुमार से मिलकर पढ़ाई और मध्यान भोजन सहित अन्य समस्याओं की जानकारी ली। विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार ने मोनू रजक को जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई की जाती है। सभी कक्षाओं को मिलाकर विद्यालय में कुल 45 बच्चे नामांकित हैं और उन्हें पढ़ाने के लिए सिर्फ एक ही शिक्षक मौजूद है। बताया कि एक ही शिक्षक के अलावा कोई और नहीं होने के कारण विद्यालय के कार्यालय का कार्य भी उन्हें ही करना पड़ता है, जिसके चलते बच्चों को पढ़ाने में काफी परेशानी होती है। प्रत्येक क्लास समय पर नहीं हो पाने के कारण पढ़ाई बाधित होती है। अशोक कुमार ने बताया कि एक ओर शिक्षक की कमी है और दूसरी ओर स्कूल की चार दिवारी नहीं होने की वजह से पढ़ाई के दौरान कक्षाओं में गाय, बकरी और कुत्ते प्रवेश कर जाने से भी काफी परेशानी होती है। स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार के द्वारा विधायक के नाम एक ज्ञापन भी दिया गया और आग्रह किया गया कि विद्यालय से जुड़ी परेशानियों पर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द निराकरण किया जाये।

# आदर्श विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** आदर्श उच्च विद्यालय, शांतिनगर खलारी में शिक्षिका मेरी ग्रेस खलखो के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह के शुभ अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के सर्वप्रथम में सेवानिवृत शिक्षिका मेरी ग्रस खलखो के सुंदर जीवन के लिए सभी शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना किया गया। नियुक्ति से ही प्रारंभिक कक्षा के वर्ग शिक्षिका रही और इस विद्यालय में उन्होंने 29 वर्षों तक लगातार सेवा दी। शिक्षिका के विदाई पर छोटे बच्चों से लेकर बड़ें बच्चों तक भावुक हो गये। शिक्षिका हेमा माधुरी लकड़ा ने उनके जीवनी को मंच से साझा किया। मंच का संचालक शिक्षिका



प्रियंका कुमारी ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय हिलारियुस तिग्गा ने सम्मान में अंग वस्त्र दे कर उनके द्वारा दिये गये योगदान के लिए सराहना करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और आने वाले उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ऑस्कर टोप्पो ने इस अवसर पर शिक्षिका के अच्छे व्यवहार एवं शिक्षा क्षेत्र में 29 वर्षों के सेवा के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत शिक्षिका को सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा भेंट देकर सम्मानित किया गया और सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने मिलकर विदाई गीत गाया। इस विदाई समारोह में पवन कुमार चंद्रवंशी, संध्या टोप्पो, प्रमोद प्रसाद, डेनी कुजूर, हेमलता कुमारी, विक्रम सिंह, सुमन खलखो, नवीन कुजूर, रोबर्ट मिंज, प्रमिला कुल्लू, बिनीता टोप्पो, नैनसी लकड़ा, सुजीत भेंगरा, रोजलीन कुजूर आदि उपस्थित थे।

# मासिक लोक अदालत में 19 मामलों का हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी के प्रांगण में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत के अवसर पर विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल चार बैंचो का गठन कर न्यायालय में लंबित मामलों और प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में दीवानी और फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले एनआइएक्ट के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। प्रभारी, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि लोक अदालत में चार बैंचो के




माध्यम से न्यायालय में लंबित 19 मामलों का निष्पादन किया गया और 31500 रुपये का सेटलमेंट किया गया।

इस अवसर पर प्रथम बैंच में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक और कविता कुमारी, तृतीय बैंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार और सुमित कुमार कश्यप, चतुर्थ बैंच में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक और रूबी कुमारी, पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी उपस्थित थे। यह जानकारी प्रभारी डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने दी।

# मैक्लुस्कीगंज थाना में शांति समिति की बैठक



**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज के नये थाना प्रभारी ने थाना में सरहुल, ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने किया। बैठक में खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, मुखिया पुतुल देवी उपस्थित थे। वही सरहुल, ईद एवं रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने तीनों पर्व पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी ली । रामनवमी एव सरहुल जुलुश के रूट के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व से निर्धारित रूट पर ही जुलुश निकालने का निर्देश दिया। इसके अलावा ईद की नमाज को लेकर भी जानकारी ली। इस मौके पर मुखिया शिवरत मुंडा, जितेन्द्रनाथ पांडेय, श्याम सुंदर सिंह,कुलदीप साहू,विजय गुप्ता,अमृत भोगता, रुद खलखो, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भारत माता पूजन सह दीपोत्सव कार्यक्रम आज

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** हिदू नववर्ष के उपलक्ष्य में रांची टाटा रोड़ बुंडू मे भारत माता मंदिर में भारत माता पूजन सह भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संध्या साढ़े पांच बजे पुजन शुरू किया जायेगा, फिर प्रसाद का वितरण किया जायेगा। भारत माता मंदिर संवर्धन समिति द्वारा निमंत्रण भेजा गया है, इसके सफल आयोजन के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिवार संस्कृति विहार मानव सेवा संस्था शिव शक्ति क्लब भारत माता मंदिर समिति लगे हुए हैं।

# आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं पालो देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के अड़की प्रखंड अंतर्गत पूर्णानगर पंचायत के पीटू पड़ागांव की रहने वाली पालो देवी ने अपनी मेहनमत और लगन के बल पर न सिर्फ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गयी, बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए आदर्श बन गयी है। जेएसएलपीएस समूह से जुड़ी दीदी पालो देवी सफलता की नयी मिसाल पेश कर रही हैं। घेर गरीबी और अर्थिक कठिनाइयों से जूझा रही पालो देपी ने 2019 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। समूह से जुड़ने से पहले पालो देवी एक साधारण गृहिणी थीं। उनके परिवार में दो छोटे बच्चे और उनकी वृद्ध मां हैं, जिनकी शिक्षा और देखभाल में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़ते हुए पालो ने समूह से 70 हजार रुपये का ऋण लिया और इसके साथ ही वीओ (विलेज ऑर्गनाइजेशन) से 30 हजार रुपये का अतिरिक्त ऋण प्राप्त कर कपड़े की दुकान खोल ली। उनकी दुकान धीरे-धीरे चलने लगी और लोगों का विश्वास के



साथ ही उनकी आमदनी में भी वृद्धि होने लगी। व्यवसाय को और विस्तार देने के उद्देश्य से पालो देवी ने अपनी बचत के पैसे से एक सिलाई मशीन भी खरीदी, जिससे उनकी आय में और अधिक इजाफा हुआ। आज पालो देवी रोजाना हर महीने 15 से 20 हजार रुपये की आय प्राप्त कर रही है। अपनी सफलता पर मुस्कुराते हुए पालो देवी कहती हैं, अब मुझे घर चलाने और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में कोई कठिनाई नहीं होती है। मैं अपने पति का हर समय सहयोग करती हूं और चहारदीवारी से बाहर निकलकर एक सफल महिला के रूप में उभरने पर गर्व महसूस करती हूं। अब मैं अपनी जरूरतें खुद पूरी कर सकती हूं और इसके लिए मैं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की आभारी हूं।

# विद्यालय के शिक्षकों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लीड्स संस्था के तत्वावधान में खूंटी जिले के उच्च और उच्चतर विद्यालय के शिक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हो गया। प्रतिभागियों को लिटरेसी प्रोजेक्ट से आये विजय कृष्ण पांडा ने प्रशिक्षण दिया। जिले के उच्च और उच्चतर विद्यालयों में लीड्स संस्था इंडिया लिटरेसी प्रोजेक्ट के सहयोग से करियर गाइडेंस और साइंस एजुकेशन को लेकर काम कर रही है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का विज्ञान के प्रयोग और करियर गाइडेंस पर क्षमता वर्धन करना था। प्रशिक्षण के पहले दिन विज्ञान प्रयोग पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कम लागत वाले साइंस किट के उपयोग से विभिन्न विज्ञान प्रयोग के बारे में बताया गया। वे प्रयोग राज्य के विज्ञान सिलेबस के आधार पर तैयार किये गये हैं।


कम लागत वाले साइंस किट को इंडिया लिटरेसी प्रोजेक्ट द्वारा तैयार किया गया है। विज्ञान प्रशिक्षण के बाद जिले के 25 उच्च विद्यालयों को कम लागत वाले साइंस किट दिये गये। प्रशिक्षण के दूसरे दिन करियर गाइडेंस पर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, ताकि शिक्षक अपने विद्यालय में बच्चों को करियर निर्धारण करने में मार्गदर्शन कर सकें। इसमें करियर गाइडेंस के विभिन्न संसाधनों की चर्चा की गयी और कार्यक्रम को सफल बनाने में लीड्स के आशुतोष जायसवाल, साकेत, प्रद्युम्न, रोशनी, जसमणी और आशीष ने योगदान दिया।

# ट्रक पलटने से ड्राइवर की मौत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना स्थित ओसीपी कोल माइंस में रोड सेल के ट्रक पलटने से शनिवार को ट्रक चालक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार अपराह्न 3 बजकर 15 मिनट पर रोड सेल का कोयला लोड करने को लेकर अशोक कोयला खदान के अंदर 82 नंबर स्टॉक में हजारीबाग डेमोटांड निवासी पिंकु कुमार का ट्रक एनएल 01 एबी 6119 कोयला खदान के 82 नंबर स्टॉक पर कोयला लोड करने गया था। कोयला लोड कर वापसी के दौरान उक्त ट्रक का ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक पलटने से ट्रक के नीचे दब जाने के कारण चालक संजय कुमार यादव पिता अर्जुन यादव ग्राम पाठक बिगहा जिला गया निवासी की घटनास्थल पर मौत हो गयी। इस दौरान बचरा अस्पताल में काफी संख्या में डिओ होल्डर समेत सीसीएल के अन्य अधिकारी एवं यूनियन नेता आदि ने अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि सहित दाह संस्कार के लिए राशि सीसीएल प्रबंधन से देने की मांग करने लगे।

# करकट्टा देवी मंडप प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा




**खलारी (आजाद सिपाही)।** करकट्टा देवी मंडप में आयोजित चैती दुर्गा पूजा सह सतचंडी महायज्ञ का शोभा कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी। शनिवार को सुबह करकट्टा देवी मंडप प्रांगण में यगाचार्य नरेंद्र पाठक द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच कलश दिया गया। सभी श्रद्धालु दो पंक्तियों में होकर माता की जयकारा करते हुए नंगे पांव दामोदर नदी के तट पर पहुंच। नदी में ब्राह्मणों द्वारा वरुण देवता का आवाह्न कर कलश पूजन किया गया। ततपश्चात सभी श्रद्धालुओं ने कलश उठाकर वापस यज्ञ मंडप पहुंचे। यगाचार्य नरेंद्र पाठक ने बताया कि रविवार की सुबह 7 बजे से पंचांग पूजन के साथ कलश स्थापना, मंडप प्रवेश, मंडप पूजन, स्तंभ पूजन, प्रधान देवी पूजन, वास्तु देवी पूजन, गौरी तिलक मंडल पूजन, योगिनी मंडल पूजन, नवग्रह मंडल पूजन, क्षेत्रपाल मंडल पूजन, अरणीमंथन और दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारंभ होगी। संध्या 4 बजे हवन प्रारंभ होगी। कलश यात्रा में यगाचार्य नरेंद्र पाठक, गणेश पाहन ,हरी गुप्ता, अवध गुप्ता, पंकज मुंडा, राकेश सिंह, श्याम सिंह, अनिल पासवान, प्रमोद सिंह, कमलदेव प्रसाद आदि शामिल थे।

# मुखिया ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने चैती छठ पर्व को लेकर बचरा सपही नदी छठ घाट की साफ-सफाई कराने की मांग को लेकर पिपरवार जीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बचरा सपही नदी झूला पुल के समीप छठ घाट में गंदगी का काफी अंबार लगा हुआ है। वहीं नदी में पानी का जल स्रोत कम होने के कारण बालू हटाकर पानी जमा करने की जरूरत है। उन्होंने जीएम संजीव कुमार से अविलंब छठ घाट की साफ सफाई सहित अन्य कार्य कराने की मांग की है।

## साल के पेड़ की पूजा कर गुमला में मनाया गया सरहुल महोत्सव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला। प्रकृति और संस्कृति का उत्सव सरहुल पूजा गुमला पॉलिटेक्निक में जोरदार अंदाज में मनाया गया। जिसमें प्रकृति के सम्मान और झारखंड की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शनी की साफ झलक दिखाई पड़ी। संस्थान के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के सदस्यों की उत्साही भागीदारी देखी गयी, जिसने इसे एक यादगार अवसर बना दिया। झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण त्योहार सरहुल, वसंत के आगमन और साल के पेड़ के खिलने का प्रतीक है। इस पारंपरिक त्योहार के सार को अपनाते हुए, गुमला पॉलिटेक्निक में सरहुल पूजा महोत्सव सदियों पुराने अनुष्ठानों, आध्यात्मिक श्रद्धा और आकर्षक सांस्कृतिक प्रदर्शनों का एक सुंदर मिश्रण देखा गया। सभा को संबोधित करते हुए, प्राचार्य डॉ शिबा नारायण साहू ने सांस्कृतिक संरक्षण के महत्व और एकता को बढ़ावा देने में त्योहारों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरहुल केवल एक त्यौहार नहीं है, यह प्रकृति के साथ हमारे बंधन और इसकी रक्षा करने की हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की। गुमला पॉलिटेक्निक सभी प्रतिभागियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है, जिनकी उपस्थिति और उत्साही भागीदारी ने सरहुल पूजा महोत्सव को परिभाषित करने वाली एकता, सद्भाव और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का सार प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने बताया कि कक्षा 6, 7, 8 और 9 के लिए आयोजित परीक्षा के उपरांत राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत दिशा-निदेर्शों के अनुरूप मेरिट सूची तैयार कर चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गयी है। यह सूची संबंधित तीनों विद्यालयों के सूचना पट्ट के साथ-साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय और जिले के सभी प्रखंड संसाधन केंद्रों में प्रदर्शित की गयी है, ताकि विद्यार्थी और अभिभावक आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एस. एस. प्लस टू उच्च विद्यालय, गुमला में 180 छात्र-छात्राओं, एस. एस. बालिका विद्यालय, गुमला में 88 छात्राओं और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला में 25 छात्राओं के रिक्त सीटों पर मेरिट सूची के आधार पर चयन किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि चयनित छात्र-छात्रा दिनांक तीन अप्रैल से नौ अप्रैल 2025 तक संबंधित विद्यालय में संपर्क कर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

## सड़क नहीं होने पर गर्भवती महिला को बहंगी से ढोकर अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं परिजन



**गुमला/रायडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के रायडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ टुडूरमा गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। गांव तक पहुंच सड़क नहीं होने के कारण लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ताजा मामला शनिवार की सुबह 10 बजे का है। सड़क नहीं होने के कारण गर्भवती महिला किरण देवी पति रामेश्वर सिंह को परिजन बहंगी में ढोकर दो किलोमीटर चलते हुए अंबापाट गांव तक लाये। इसके बाद एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। गांव की स्वास्थ्य सहिया शांति देवी ने बताया महिला को शनिवार की सुबह प्रसव पीड़ा होने लगी। जिसके बाद सुबह 7 बजे एंबुलेंस को फोन किया गया। प्रातः 10 बजे मुख्य सड़क तक एंबुलेंस आ तो गया, लेकिन सड़क नहीं होने कारण गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंचा। ग्रामीण महिला को बहंगी में ढोकर मुख्य सड़क तक ले गये। इसके बाद एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। पति रामेश्वर सिंह ने कहा अंबापाट से पहाड़ टुडूरमा गांव तक सड़क नहीं है। बरसात के दिनों में आवागमन में भारी कठिनाई होती है। खासकर मरीज को ले जाने में काफी परेशानी होती है।

## पंचायत कर्मियों की हुई बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चुंदरी के पंचायत सचिवालय मुखिया विनीता कुमारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पंचायत कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, प्रधानाध्यापक एएनएम, सीचओ, स्वास्थ्य सहीया, जल सहिया, प्रधान के कर्मी, वार्ड सदस्य ,पंचायत सचिव, उपस्थित हुए, मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका जन्म मृत्यु को पणजी बनाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से गर्भवती महिला को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। एएनएम, सीएचओ समय पर अपने पोषक क्षेत्र में टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। राशन दुकानदार समय पर अपने दुकान खोले और राशन का वितरण करें। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हापामुनि में घेराबंदी एवं पेयजल की समस्या का अवगत प्रधानाध्यापक के द्वारा कराया गया। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेती चुंदरी, बुरजू, महूगांव, विद्यालय घेराबंदी और कमरा की आवश्यकता है। मौके पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, पंचायत सचिव कलेश्वर साहू, पूर्व मुखिया आदित्य भगत और कई लोग उपस्थित हुए।

### घूम-घूम कर लोगों को मार रहा है जंगली हाथी

# जंगल में महुआ चुनने न जायें ग्रामीण : डीएफओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के पालकोट और रायडीह प्रखंड में इन दिनों हाथियों का आतंक चरम पर है। एक जंगली हाथी गुस्से में है और वह जंगल में लोगों को खोज खोज कर मार रहा है। शनिवार के सुबह 5:00 बजे रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगा काटा गांव के जंगल में जंगली हाथी ने 65 वर्षीय वृद्ध फिरला नगेसिया को कुचलकर मार डाला। मृतक महुआ चुने अंबाकोना जंगल गया था। पेड़ के नीचे महुआ चुनने के क्रम में हाथी आया और उसे सूंड से उठाकर पटक दिया। इसके बाद उसके छाती में चढ़ गया और उसे मार डाला। इससे पूर्व शुक्रवार को पालकोट थाना क्षेत्र के कुसुम कोना जंगल में 35 वर्षीय महिला हेमवती को महुआ चुनने के क्रम में जंगली हाथी ने कुचल दिया जिससे महिला की घटना स्थल पर मौत हो गयी थी। वहीं पालकोट प्रखंड के ही तपकरा पंचायत अंतर्गत छापर टोली गांव के चार व्यक्तियों को जंगली हाथी ने घायल किया। जिसमें चापा टोली निवासी व्यक्ति की मौत हो गयी थी। वही बारडीह जंगल में महुआ चुनने गए वृद्ध दंपति 60 वर्षीय कलाराबा और उसके पति 65 वर्षीय ईमिल बा पर हाथी ने हमला कर घायल कर दिया था। वन विभाग रायडीह की टीम गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों को 10000 की सहयोग राशि प्रदान की। वहीं वन विभाग की टीम चैनपुर प्रखंड में भी लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। प्रतिदिन गुस्सैल हाथी के हमले से एक दो लोगों की मौत हो रही है। हाथी जंगल के बाहर नहीं आ रहे हैं, लेकिन कोई व्यक्ति जंगल में जब जा रहा है तो हाथी हिंसक हो जा रहे हैं। इसके लिए विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जबकि घायलों की संख्या भी चार है। मृतकों का पोस्टमार्टम हो रहा है। पोस्टमार्टम के उपरांत के परिजनों को मुआवजे की राशि की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जायेगी।



वन विभाग की टीम मृतक के परिजनों को 10 हजार की सहयोग राशि प्रदान की

## लालपुर थाना की पुलिस ने सात बाइक के साथ गुमला से नौ लोगों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रांची के लालपुर थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात गुमला थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्र से चोरी की बाइक खरीदने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लालपुर थाना ले गयी। जिसके बाद लालपुर थाना की पुलिस शुक्रवार को गुमला पहुंची और अनुसंधान आरंभ किया। इसी क्रम में गुमला थाना के सहयोग से शुक्रवार की रात डुमरडीह से चार और अन्य स्थानों तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनके निशानदेही पर कुल सात बाइक जिनमें तीन बुलेट और चार अन्य बाइक शामिल हैं। इन बाइकों को बीस से तीस हजार रुपये में लोगों को बेचा गया था। सभी बाइक रांची थाना क्षेत्र के हैं। बाइक चोरों का बड़ा गिरोह रांची में सक्रिय है जो महंगे बाइकों की चोरी कर झारखंड के ग्रामीण इलाकों में औने-पौने दामों में बेचा करता है। लालपुर थाना की पुलिस ने जिन लोगो को गिरफ्तार किया हैं। उनमें कलिगा से देवगन गोप, समसेरा से राम सिंह, ब्रजेश सिंह, रोहित दास, कसीरा से घुरन प्रधान, नीतेश साहु और रातू रांची से विष्णु कुमार के नाम शामिल है। पुलिस ने पूर्व में ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिनमें कसीरा का करमचंद साहु और चेटर का एक युवक शामिल है। इनके निशानदेही पर अन्य युवकों को पुलिस ने गुमला से गिरफ्तार कर सभी को शनिवार की दोपहर 12 बजे लालपुर थाना ले गई। बाइक को भी जब्त किया है। बता दें कि रांची में बाइक गिरोह सक्रिय रूप से काम कर रहा है और महंगी बाइक को चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते दामों पर बेचा करता हैं। साथ हीं बाइक का नकली पेपर भी ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि गिरोह के अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी होगी।

## स्कार्पियो ने बाइक मारी टक्कर, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के इटकीरी गांव के समीप स्कॉर्पियो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में घाघरा टांगर शिकवार निवासी अमीन उरांव, पवन मुंडा और सुधीर मुंडा के नाम शामिल है। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने तीनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक बिशनपुर की ओर से घाघरा की ओर लौट रहे थे। इसी क्रम में घाघरा की ओर से तेज रफ्तार से जा रहे स्कॉर्पियो ने इटकीरी गांव के समीप टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गये। वही स्कार्पियो चालक अपने स्कॉर्पियो को लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। हालांकि इस क्रम में स्कार्पियो चालक का नंबर प्लेट भी टूट कर घटनास्थल पर गिरा पाया गया। वही पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

## शांतिपूर्ण, भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : बीडीओ



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी,सरहुल और ईद पर्व को लेकर बीडीओ जोसेफ कंडुलना की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक रखी गयी। बीडीओ ने कहा कि पूर्व की भांति ही तीनों त्योहार शांति पूर्ण,भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। पर्व में शराब के नशे में हुड़दंग करने पर पुलिस कड़ी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने कहा कि पिछले बार की तरह इस बार भी शांति पुर्वक ईद ,सरहुल और रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाया जायेगा।

## भारतमाला परियोजना के विरोध में आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने पदयात्रा कर दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने भारतमाला परियोजना के विरोध में पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा कचहरी परिसर से लोहरदगा रोड से होते हुए चांदली स्थिति उपायुक्त कार्यालय तक पहुंची। भारतमाला परियोजना के विरोध में उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। इस कार्यक्रम में गुमला, रायडीह, चैनपुर डुमरी प्रखंड प्रखंड से प्रभावित और ग्रामिणों ने हिस्सा लिया। भारतमाला परियोजना रद्द करों, 1996 पेसा कानून झारखंड सरकार के द्वारा सख्ती से लागू करों, ग्राम सभा को मजबूत करों, ब्लॉक आंचल में ऑनलाइन रसीद के नाम पर कमीशन खोरी बंद करो, आदिवासियों को जमीन से बेदखल करना बंद करों, जमीन दलाल माफिया राज बंद करो आदि नारे लगाये गये। धरना को संबोधित करते ऐक्टू राष्ट्रीय सह जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जैक्सन उरांव ने कहा तत्काल भारतमाला परियोजना को रद्द किया जाना चाहिए। आज तक लाल झंडे के माध्यम से लंबे समय तक धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया गया, फिर भी जनता की मांगों को नहीं सुना जा रहा है। अगर हमारी बातें अनसुनी की गयी तो विशाल आंदोलन की तैयारी कर उपायुक्त कार्यालय को घेर लिया जायेगा। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया।



































### न्यू टाउन हॉल में ईद और रामनवमी को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

# बिना लाइसेंस वाले अखाड़ा दल नहीं निकाल सकेंगे जुलूस: डीसी

## डीजे पर प्रतिबंध, रात 10 से सुबह छह बजे तक नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर

## त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक, आदेश नहीं मामनेवालों पर होगी कार्रवाई

### निर्धारित रूट का पालन करेंगे अखाड़ा दल : सिटी एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रामनवमी पर कोई भी अखाड़ा दल बिना सुरक्षा के जुलूस नहीं निकलेंगे। गैर लाइसेंसी अखाड़ा दल को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलेगी। रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। जबकि रात 10 बजे से सुबह छह तक लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी रहेगी। तेज आवाज और किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने लाउडस्पीकर पर नहीं बजाएंगे। शांति व्यवस्था के साथ त्योहार संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उक्त बातें डीसी माधवी मिश्रा ने कही। वे शनिवार को न्यू टाउन हॉल में ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ा दल शाम



टाउन हॉल में शांति समिति की बैठक में निर्देश देतीं डीसी माधवी मिश्रा एवं अन्य।

पांच बजे से रात नौ बजे तक जिला प्रशासन की ओर से निर्धारित रूट से जुलूस निकालेंगे। अखाड़ा दल के अध्यक्ष और सचिव अखाड़ा पर नियंत्रण रखेंगे। हालांकि किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर संबंधित अखाड़ा दल के अध्यक्ष और सचिव जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे। कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। वहीं अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करेंगे जिससे किसी के चोटिल होने की आशंका हो। डीसी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। अवैध शराब के कारोबारी और शराब की जमाखोरी करने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का सभी से अनुरोध किया। वहीं बैठक में पानी, बिजली, सड़क, साफ-सफाई आदि को लेकर डीसी ने कहा कि संबंधित

### भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने न बजायें

पदाधिकारी को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया गया है। उधर, सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानना है। उपद्रव करने वालों को चिह्नित कर पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। सिटी एसपी ने कहा कि रामनवमी से पहले धनसार एवं जामाडोबा टीओपी शुरू कर दी जाएगी। चिरकुंडा में पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल उपलब्ध करा दिये जायेंगें। ईद की नमाज के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने रामनवमी के दौरान जुलूस का रूट बदलने से पूर्व वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी को समाज की एकता और सौहार्द बनाए रखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का अनुरोध किया। बैठक में प्रदीप नारनोली, भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, कुल्लू चौधरी, निसार आलम, मो अफजल खान, मेराज खान, लक्ष्मण तिवारी, बैजनाथ यादव, भगत सिंह, अक्षयवर प्रसाद, एजाज अहमद, तारा पदो धीवर, कयुम खान, राजेश्वर सिंह यादव, विष्णु त्रिपाठी, अजय नारायण लाल, वीरेंद्र रजक, डब्ल्यू बाउरी, पिंटू कुमार तिवारी, विजय शर्मा, एजाज अहमद आदि ने अपने-अपने सुझाव रखें। इस मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, नारायण राम, डीएसपी नौशाद आलम, शंकर कामती, धीरेन्द्र नारायण बंका, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला खनन टास्क फोर्स ने बराकर नदी से अवैध तरीके से निकाले गये बालू लदे पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा और जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में शनिवार की सुबह नौ बजे, खान निरीक्षक सुमित प्रशाद, बरांत उरांव एवं आवंटित पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से सरायढेला थानांतर्गत गोल बिल्डिंग, बालाजी पेट्रोल के समीप औचक छापामारी की गई। हालांकि खनन टास्क फोर्स की टीम को देखते ही सभी ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गये। पूछताछ में पता चला कि सभी ट्रैक्टरों में लदा बालू पूर्वी टुंडी थानांतर्गत बराकर नदी से अवैध खनन कर लाया गया है।

## 30 लाख में हुई फुसरो बस पड़ाव की नीलामी



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद की ओर से फुसरो बस पड़ाव की नीलामी की गयी। नीलामी 30 लाख छह हजार रुपए में हुई। नीलामी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई। जिसमें संत कुमार सिंह, राजेश मिश्रा, राहुल मिश्रा ने डाक लगाया। जिसमें राजेश मिश्रा ने सबसे अधिक 30 लाख छह हजार की बोली लगाकर बस पड़ाव अपने नाम कर लिया। नीलामी 29 लाख 70 हजार रुपये से बोली शुरू की गई। जिसमें 15वें राउंड मे 30 लाख छह हजार की अंतिम बोली लगाकर राजेश मिश्रा ने अपने पक्ष में कर लिया। नप कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने राजेश कुमार मिश्रा को बस पड़ाव की नीलामी देने की घोषणा की। नीलामी में फुसरो-चंद्रपुरा स्टैंड, नया रोड़ टेकर स्टैंड, फुसरो मैन रोड़ बाजार स्टैंड, इसरी-नावाडीह स्टैंड शामिल है। राजीव रंजन ने कहा कि नगर परिषद के विकास के लिए आंतरिक श्रोत में बढ़ोत्तरी करना जरूरी है। इसके लिए नगर परिषद प्रयासरत है। कहा कि फुसरो बस पड़ाव 31 मार्च 2026 तक के लिए नीलामी की गई है। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक सुजीत त्रिवेदी, पंकज कुमार अग्रहरी और सुजीत आदि थे।

**उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला**
**(मनरेगा कोषांग)**

**बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

विभागीय पत्रांक (N)244(अनु०) दिनांक 27.02.2025, पत्रांक (N)273 (अनु०) दिनांक 03.03.2025 एवं मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N)265(अनु०) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में बिरसा हरित ग्राम योजना (वित्तीय वर्ष 2025–26) के कार्यान्वयन हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड के पंचायतों में बागवानी से संबंधित विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से सामग्रियों का मुहरबंद निविदा इस कार्यालय के ज्ञापांक 124(ii)/म०को० दिनांक 08.03.2025 द्वारा की गई थी परन्तु किसी भी निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित नहीं किये जाने के कारण पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित हेतु इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से निम्न सामग्रियों का मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है –

| क्र० | सामग्री का नाम | विवरणी | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद | केंचुआ खाद या समतुल्य (in Kg) | 7 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 2 किलो प्रति इमारती या Timber पौधा |
| | | गोबर खाद या FYM (in Kg) | 20 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 6 किलो प्रति इमारती या Timber पौधा |
| | नोट :– केचुआ खाद या गोबर खाद में से किसी एक सामग्री का क्रय किया जायेगा। | | |
| | | नीम/करंज खल्ली (in Kg) | 1 किलो प्रति फलदार पौधा |
| | | बोनमील (Bone Meal) या SSP (in Kg) | 500 ग्राम प्रति फलदार पौधा |
| | | Dolomite (in Kg) | 1 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 500 ग्राम प्रति इमारती या Timber पौधा |
| 2 | फफुन्दनाषक (Pesticides) | Trichoderma Viridi 1.5%WW (2x10^6-10^8CFU/gm (in Kg) | 10 ग्राम प्रति पौधा |
| | | Chlorothalonil 75%WP (in Kg) | 1.5 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper or equivalent) (in Kg) | 2 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| 3 | कीटनाषक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in Kg) | 10 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in Ltr.) | 2ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Lamda-Cyhalothrin 5% EC (in Ltr.) | 1ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | दीमकनाषक (Bifenthrin 2.5% EC, Biflex TC or equivalent) (in Ltr.) | 3ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | सूक्ष्म–पोषक तत्व (Toto Care/Agromin या Equivalent) (in Ltr.) | 1ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | यूरिया (in Kg) | प्रथम वर्ष 50 ग्राम एवं द्वितीय वर्ष से 75 ग्राम प्रति पौधा |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य)(in Kg) | 75 ग्राम प्रति पौधा |
| | | SSP (in Kg) | 50 ग्राम प्रति पौधा |
| | | MoP (पोटाष) (in Kg) | 50 ग्राम प्रति पौधा |
| 5 | एंटी बायोटिक (Antibiotic) | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या समतुल्य) | 1.5 ml प्रति पौधा |
| 6 | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु 250 माईक्रोन का UV resistant पॉलिथीन | एक जलकुंड हेतु 6 Kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो |
| 7 | स्थानीय स्तर पर क्रय की जानेवाली सामग्री (जैसे– गोबर खाद, बांस, कील **(Nail)** तार **(GI wire)** आदि) | | |

इच्छुक आवेदक/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा निविदा दिनांक **08.04.2025** के पूर्वाह्न **11:30** बजे तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला के कार्यालय (समाहरणालय भवन, चन्दाली, गुमला) में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक **08.04.2025** के अपराह्न **12:30** बजे निविदादाताओं या प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।
नोट :– निविदा से संबंधित नियम/शर्त्तों को www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला

PR 349580 Rural Development (24-25)_D

## भटमुरना राजकीय मध्य विद्यालय में विधायक ने किया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास



**कतरास (आजाद सिपाही)।** भटमुरना राजकीय मध्य विद्यालय में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने शनिवार को डीएमएफटी मद से चार एसीआर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि विद्यालय भवन बनने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन करने में सुविधा होगी। विद्यालय के विकास में और जो भी सहयोग की जरूरत होगी वे करेंगे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार महतो, हसन इमाम अंसारी, दीपक रंजन प्रसाद, रजय कुमार, रेखा कुमारी, बिरजू हजारी, पंकज दसवांधी, राजू दसौंधी, राम नारायण गुप्ता, गोपाल तुरी और अजीत राम आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के बरवाअड्डा थाना अंतेर्गत भेलाटांड़ स्थित 8 लेन सड़क पर शनिवार को ट्रैक्चर के धक्के से बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान राहुल गोप के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक राहुल बरवाअड्डा की ओर से अपने घर बगुला बस्ती बाइक से लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार से जा रहा गिट्टी लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बाइक सवार राहुल को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना से गुस्साए परिजन एवं ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने बुझाने पर मामला शांत हुआ।

## राजपूत समाज ने सपा सांसद का पुतला फूंका




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राणा सांगा को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा दिये गये कथित विवादित बयान को लेकर देशभर में प्रतिवाद जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर राजपूत समाज के बैनर तले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा सपा के राज्यसभा सांसद का राणा सांगा के प्रति टिप्पणी घोर निंदनीय है। राणा सांगा और महाराणा प्रताप सिंह जैसे सपूतों ने देश के लिए हमेशा बलिदान दिया है। देश के लिए हर लड़ाई में राजपूत समाज काफी चढ़ बढ़ाकर आगे रहा है। कोई हमें छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं। इस अभद्र टिप्पणी के लिए सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को संसद से निलंबित कर देनी चाहिए। कहा कि राजपूत समाज से क्षमा मांगे नहीं तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन का समर्थन करने वाले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी उनकी इस करनी का दंड राजपूत समाज अवश्य देगा। प्रदर्शन में करणी सेना, राजपूत एकता मंच भूली एवं राजपूत एकता मंच निरसा शाखा, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, वीर कुंवर सिंह सेवा समिति धनबाद, राजपूत विचार मंच चैरिटेबल ट्रस्ट, राजपूत विचार मंच धनबाद, भारतीय राजपूताना सेवा संगठन धनबाद ने भाग लिया। मौके पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, राजपूत एकता मंच के पदाधिकारी भोला सिंह, पंकज सिंह, राजपूत कल्याण मंच के पवन सिंह, रविंद्र सिंह, अशोक सिंह, करणी सेना के वरिय उपाध्यक्ष अमन सिंह, राजपूत विचार मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह, सुधीर सिंह, राजपूत विचार मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉक्टर नीलेश सिंह, कौशल सिंह, भारतीय राजपूताना सेवा संगठन के राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## सिंगड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी की समस्या का जल्द होगा समाधान : विधायक

**महुदा (आजाद सिपाही)।** सिंगड़ा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा जल संकट के समाधान के लिए विधायक शत्रुधन महतो को एक लिखित शिकायत दी गई है। जिसमें बताया गया है कि सिंगड़ा, पाण्डेडीह, लालबंग्ला सहित पंचायत के कई गांवों में पीने के पानी और अन्य दैनिक आवश्यकताओं के लिए पानी की भारी कमी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पीएचईडी विभाग द्वारा इन गांवों में जलापूर्ति की जाती है, लेकिन हाल ही में जलापूर्ति के लिए लगे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे इन गांवों में पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है। इस पर संज्ञान लेते हुए विधायक शत्रुधन महतो ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने पाण्डेडीह स्थित जलमीनार से दामोदर नदी तक जलापूर्ति मार्ग को शीघ्र निर्मित करने का आदेश दिया है, ताकि गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके। विधायक ने बताया कि जलापूर्ति के इस मार्ग के निर्माण से ना केवल सिंगड़ा पंचायत, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी पानी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही पानी की आपूर्ति बहाल हो जाएगी, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## गिरिधारी महतो बने आजसू के धनबाद जिला संगठन विस्तार प्रभारी, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष एवं अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ जोनल अध्यक्ष सह धनबाद के सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो को धनबाद जिला संगठन विस्तार



के लिए प्रभारी बनाया गया है। इस पर आजसू के केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, योगेश महतो, वीरेंद्र निषाद, सुनील शर्मा, संजय महतो, पप्पू मंडल, अमरेंद्र कुमार, शिवा प्रसाद, जुनैद आलम, भोला प्रामाणिक, नरेश महतो, सुखदेव प्रसाद शर्मा, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ महतो, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, यशोदा देवी, आशा देवी, ममता देवी, पुष्पा देवी, दिनेश गोप, राकेश कुमार महतो, राजेन्द्र मानी, ब्रजेश ठाकुर आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## 122 उम्मीदवारों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अनुकंपा आधारित नियुक्ति में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए बीसीसीएल ने शनिवार को अनुकंपा नियोजन शिविर 3.0 के माध्यम से 122 पात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपा। गौरतलब को कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीसीसीएल में अनुकंपा नियोजन के तहत कुल 564 नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की ओर से इनमें से 389 नियुक्ति पत्र चार बड़े शिविरों के माध्यम से वितरित किए गए। अक्टूबर 2024 में आयोजित शिविर 1.0 में 50, दिसंबर में 100 उम्मीदवारों और जनवरी 2025 में आयोजित विशेष नियोजन शिविर में रांची में कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी की उपस्थिति में पांच उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिए गए। इसके अगले दिन बीसीसीएल मुख्यालय में 112 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में इसस दिन कोयला नगर स्थित जुबली हॉल में शिविर 3.0 के तहत 122 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जो इस श्रृंखला की अंतिम और



सबसे व्यापक कड़ी थी। इसके अतिरिक्त इस वर्ष 77 वैधानिक पदों पर भी भर्ती की गयी है। कोयला नगर स्थित जुबली हॉल में सीएमडी समीरन दत्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) मुरलीकृष्ण रमैया, निदेशक (तकनीकी) संचालन संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना मनोज कुमार अग्रवाल के साथ ही बीसीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में समीरन दत्ता ने सभी नव-नियुक्त कर्मियों का बीसीसीएल परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि बीसीसीएल उद्देश्यपूर्ण खनन के साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है। उन्होंने सभी कर्मियों की प्रशंसा की। विशेष रूप से विभागाध्यक्ष (श्रमशक्ति एवं नियोजन) एसपी राय के प्रयासों की सराहना की और मंच पर बुलाकर उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया। सीएमडी ने कहा कि बीसीसीएल धनबाद के उन्नयन के लिए भी प्रयासरत है। इसके लिए संबंधित विभागों के साथ विस्तृत कार्य-योजना बनाई जा रही है। मौके पर उपस्थित निदेशक (तकनीकी) संचालन संजय कुमार सिंह और मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना ने भी सभा को संबोधित किया और नवनियुक्त कर्मियों को बधाई दी।

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
**(Email Id - kodermanagarpanchayat@gmail.com)**

**-ःआम सूचनाः-**

झारखंड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा–204 के प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र के भीतर पड़ने वाले भूमिगत जल स्रोत संबंधी सारे अधिकार नगरपालिका में निहित है। धारा–209 में नगरपालिका को यह शक्ति प्राप्त है कि यथा विनिर्दिष्ट शर्तो पर तथा वार्षिक शुल्क के भुगतान करने पर नगरपालिका क्षेत्र के भीतर नलकूप, कुआँ, तालाब, डीप बोरिंग, चहबच्चा, कुण्ड या फुहारा खोदने या बनवाने की अनुमति या अनुज्ञप्ति जारी कर सकेगा।

शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका के अनुमति के बिना बडी संख्या में रिवर्स ऑस्मोसिस (आर0ओ0) वाटर उपचार सयंत्र संचालित हो रहे है, जिससे शहरी क्षेत्रों में भूगर्भ जल स्तर में लगातार कमी हो रही है। भूमिगत जल स्रोतों के अत्यधिक दोहन से ग्रीश्मकालीन ऋतु में आमजनों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

1. उक्त के आलोक में नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र के सभी छोटे–बडे **"रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर0ओ0 वाटर) उपचार संयंत्र संचालन एवं अनुज्ञप्ति नियमावली–2024"** के अन्तर्गत आते है, आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने **रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर0 ओ0 वाटर) उपचार संयंत्र** का अनुज्ञप्ति एक सप्ताह के अन्दर नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर ले अन्यथा अनुज्ञप्ति प्राप्त नही करने पर वैसे **रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर0ओ0 वाटर) उपचार संयंत्र** को अनाधिकृत घोषित कर उसके संचालन को पूर्ण बंद करने तथा **"रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर0ओ0 वाटर) उपचार संयंत्र संचालन एवं अनुज्ञप्ति नियमावली–2024"** के अधीन प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**अनुज्ञप्ति का न्यूनतम भाुल्क एवं वार्षिक भाुल्क निम्न प्रकार से निर्धारित है:–**

(i) अनुज्ञप्ति शुल्क– जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा अनुज्ञप्ति शुल्क के रूप में नगरपालिका को राशि रू0 5,000/– भुगतान किया जाएगा।
(ii) वार्षिक शुल्क– जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा वार्षिक शुल्क के रूप में नगरपालिका को एकमुश्त राशि रू0 20,000/– भुगतान किया जाएगा।
(iii) बिना पंजीकरण आर0 ओ0 वाटर उपचार संयंत्र संचालित किए जाने पर 50,000.00 (पचास हजार) रू0 दण्ड शुल्क नगरपालिका के द्वारा जलापूर्ति अभिकरण से लिया जाएगा। दण्ड जमा नही किए जाने की स्थिति में नगरपालिका द्वारा आर0ओ0 वाटर उपचार संयंत्र को सील कर दिया जाएगा।

2. नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत वैसे वाहन मालिक/फर्म जिनके द्वारा नगर पंचायत कोडरमा शहरी क्षेत्र में बोरिंग का कार्य किया जाता है, को सूचित किया जाता है कि वे बोरिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी रिंग मशीन/वाहनों का नगर पंचायत कार्यालय में निबंधन करा ले। इसके लिए निबंधन शुल्क के रूप में 10,000.00 (दस हजार) रू0 जमा करना होगा। वाहनों/रिंग मशीनों का पंजीकरण नही कराए जाने की स्थिति में वाहन मालिकों से 25,000.00 (पच्चीस हजार) रू0 दण्ड शुल्क की वसूली की जाएगी।

**आवेदन के साथ जल आपूर्ति अभिकरण के संचालक/बोरिंग वाहन मालिकों द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाएंगे:–**

(i) व्यक्तिगत मामले में आधार कार्ड।
(ii) कम्पनी या फार्म के मामले में क्रमशः निगमन या पंजीकरण का कागजात।
(iii) अद्यतन बिजली बिल।
(iv) होल्डिंग कर रसीद।
(v) केन्द्रीय भूगर्भ जल प्राधिकार के द्वारा निर्गत अनापति प्रमाण।
(vi) जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा फोटो के साथ वर्षा जल संचयन संरचना का विवरण समर्पित किया जाएगा। खुली भूमि के मामले में लाईसेंस धारक द्वारा एक हलफनामा समर्पित करना होगा कि संरचना का निर्माण होने के बाद वर्षा जल संचयन संरचना की जाएगी।
(vii) वाहन पंजीकरण से संबंधित कागजात एवं अन्य कागजात।
(viii) घरेलु उपयोग के लिए बोरिंग कराने वाले गृहस्वामी को एक दिन पूर्व कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा को इसकी लिखित सूचना देनी होगी। बिना सूचना बोरिंग कराने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
(ix) निबंधन एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
(x) नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रान्तर्गत के नगर वासियों को नगर पंचायत द्वारा निबंधित वाहन से बोरिंग कराना होगा।
(xi) प्रत्येक वर्ष निबंधित बोरिंग वाहनों का नवीनीकरण कराना होगा, इसके लिए 10,000.00 (दस हजार) रू0 नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। ससमय नवीनीकरण नही कराये जाने पर निबंधन स्वतः रद्द हो जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय से कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 349543 Urban Development(24-25)#D

ओड़िशा में आठ मार्च को गिरफ्तार किये गये थे 10 बांग्लादेशी

# मास्टरमाइंड ने दलाल का पता बताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब सरकार बांग्लादेशियों को ढूंढने में जुट गयी है। बांग्लादेशियों को ढूंढने के लिए विशेष विंग का गठन किया गया है। राजधानी में 10 बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी के घटना में दलाल का पता मिला। मास्टरमाइंड ने दलाल जगदीश दास का पता दिया। एक बांग्लादेशी आने के लिए 35 हजार और वापस जाने के लिए 30 हजार रुपये ले रहा था। घटना के मास्टरमाइंड ने दलाल का पता बताया। दलाल जगदीश दास को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। मास्टरमाइंड को रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी एमडी हाशिम को दो दिन की रिमांड पर लाया गया और रिमांड अवधि के दौरान, पूछताछ किया एसटीएफ टीम। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी ने बांग्लादेशी तस्करों के बारे में अंदरुनी कहानी बताई। आरोपी बांग्लादेश बॉर्डर से होकर असम के रास्ता से बाई रोड होते हुए ओड़िशा आ रहे थे। जब सुरक्षा में थोड़ी ढील हो जाती थी तब रात में लोगों को बॉर्डर पास किया जा रहा था। हालांकि अभियुक्तों के साइंटिफिक साक्ष्य की पुष्टि करने के बाद, यह पता चला है कि लोगों की तस्करी के बाद, उनके नकली आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र दलालों द्वारा बनाये जा रहे थे। एडवांस फोन पर पैसे भेजे जाने के बाद सीमा पार ऑपरेशन शुरू कर देते थे। जांच के दौरान पता चला कि 40 बांग्लादेशी नागरिक मिले, जिन्हें दिल्ली, बेंगलुरु में रखा गया है। एसटीएफ की टीम तलाशी अभियान के लिए दिल्ली, असम और बैंगलोर की जायेंगे। एसटीएफ ने 8 मार्च को 10 बांग्लादेशियों को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

## प्रदीप जेना ओड़िशा विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष बने



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार की ओर से पूर्व मुख्य प्रशासनिक सचिव प्रदीप कुमार जेना को ओड़िशा विद्युत नियामक आयोग (ओइआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुरेश महापात्र के सेवानिवृत्त होने के बाद ओइआरसी अध्यक्ष का पद खाली पड़ा था। शपिवार को सूचना दिया गया कि पूर्व मुख्य प्रशासनिक सचिव प्रदीप कुमार जेना को ओइआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।**

# संबलपुर मंडल का माल ढुलाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लोडिंग लक्ष्य को 28/03/2025 को वित्तीय वर्ष पूरा होने से 3 दिन पहले 22.573 एमटी की लोडिंग हासिल करके हासिल कर लिया है। यह संबलपुर मंडल द्वारा दर्ज की गयी अब तक की सबसे अधिक लोडिंग है, जिसमें मिलियन टन के मामले में पिछले वर्ष की तुलना में 16.10% और एनटीकेएम के मामले में 25% की वृद्धि हुई है। राजस्व के मामले में, माल ढुलाई राजस्व में 28.06% की वृद्धि दर्ज की गयी, जो पिछले वर्ष के 2193 करोड़ से बढ़कर 2809 करोड़ रुपये हो गयी। कुल राजस्व भी 3200 करोड़ से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 700 करोड़ अधिक है। अनलोडिंग के मामले में, 28/03/2023 तक 9.5% की वृद्धि के साथ 39.3 टळ के रूप में अब तक की सबसे अधिक अनलोडिंग भी हासिल की गयी है। इसके साथ ही संबलपुर मंडल ने 28/03/2025 तक 61.87 एमटी का अब तक का सबसे अधिक ट्रैफिक संभाला है। साथ ही, मार्च 2025 महीने में रायपुर और बिलासपुर मंडल के संबंधित इंटरचेंजिंग पॉइंट पर अब तक का सबसे अधिक इंटरचेंज के साथ 202 ट्रेनें/प्रतिदिन (मार्च 2024 में 192 ट्रेनें/दिन) का अब तक का सबसे अधिक इंटरचेंज देखा गया। इसके अलावा मंडल ने तीसरी लाइन और नयी लाइन के रूप में 128 ट्रैक किलोमीटर की वृद्धि हुई हैं जो पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विस्तार का अब तक का सबसे अच्छा आंकड़ा है। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री तुषार कांत पांडे ने मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी।

## दो मुख्यमंत्रियों की हुई मुलाकात



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से शिष्टाचार मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## महिला से शादी का वादा कर धोखाधड़ी के आरोप में एसआइ गिरफ्तार



**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** यौन शोषण और धोखाधड़ी के आरोप में एसआइ गिरफ्तार। ऐसा घटना बालेश्वर जिले के बालियापाल थाना क्षेत्र से आया है। जानकारी के मुताबिक, 2017 में बालियापाल फिजिकल स्कूल में पढ़ाई के दौरान युवती ने तल पदा गांव के विजय साहू नामक एक युवक से मंदिर में शादी किया था। बाद में विजय ने युवती से शारीरिक संबंध रखा। विजय ने युवती से कहा था कि मुझे नौकरी मिलने के बाद तुम्हें पत्नी का परिचय देकर घर ले जाने का वादा किया था। जब विजय को एसआइ का नौकरी मिला तब वह शादी करने का मना कर दिया। वहीं युवती ने प्यार में धोखा खाने के बाद पिछले साल दिसंबर में बालियापाल थाने में शिकायत दर्ज करायी। लिखित शिकायत के चार महीने के बाद बालियापाल पुलिस ने बड तालपदा गांव के विजय साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

# एसओए एलीसियम में 350 छात्रों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** गुरुवार को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए ) में आयोजित एलीसियम-2025 कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता की सोच, महत्वपूर्ण समस्या-समाधान और नवीन विचारों को बढ़ावा देना था। अटल इनोवेशन सेंटर (एआईसी) एसओए फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 'बिजनेस डिकोडेड' और 'फाउंडर्स एरिना' कार्यक्रमों ने छात्रों को वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों से परिचित कराया और उन्हें विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया। 100 से अधिक टीमों में विभाजित छात्रों ने उल्लेखनीय उत्साह और रणनीतिक कौशल के साथ प्रतिस्पर्धा की। 'बिजनेस डिकोडेड ने जटिल केस स्टडीज के माध्यम से प्रतिभागियों की समस्या-समाधान क्षमताओं का परीक्षण किया, जबकि 'फाउंडर्स एरिना' ने महत्वाकांक्षी उद्यमियों को न्यायाधीशों के एक पैनल के सामने अपने विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। एसओए के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंदा ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छात्रों में नवाचार-संचालित मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अतिरिक्त डीन (छात्र मामले) प्रोफेसर रेणु शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में एसओए की समग्र छात्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रोफेसर अक्षय वर्मा, डॉ भरत ज्योति रंजन साहू, डॉ सिद्धार्थ दत्ता और डॉ. अरुंधति लेंका सहित अन्य संकाय सदस्यों ने भी छात्रों के कार्यों का आकलन किया।

एसओए में इनक्यूबेशन गतिविधियों के प्रमुख राजीव कुमार ने सुनिश्चित किया कि प्रतियोगिताएं आकर्षक और ज्ञानवर्धक हों। फाउंडर्स एरिना में, एग्रो फास्ट, मैजिक डेस्टिनेशन और आर्मर इंक ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किये, जबकि बिजनेस डिकोडेड में नेक्स्ट जेन शार्क, टीम सिफर और डिकोडर्स ने पहले तीन स्थान हासिल किये। न्यायाधीशों ने प्रतिभागियों के नवीन विचारों, रणनीतिक सोच और उद्यमशीलता की क्षमता की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के उद्योग नेताओं और परिवर्तन निमार्ताओं के रूप में उनकी संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मानस कुमार मल्लिक, रडअ के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, और एआईसी एसओए फाउंडेशन के निदेशक ने न्यायाधीशों और अतिथियों को सम्मानित किया।

## आइएएस सुजाता अधिकारी कार्तिकेयन लेंगी वीआरएस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजद नेता वीके पांडियन की पत्नी और वरिष्ठ आइएएस अधिकारी सुजाता कार्तिकेयन ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति सेवा (वीआरएस) के लिए आवेदन किया है। पंद्रह दिन पहले कार्तिकेयन ने केंद्र सरकार को अपना आवेदन सौंपा था, जिसने उनके अनुरोध को मंजूरी दे दी है। व्यक्तिगत कारणों से आइएएस की नौकरी से इस्तीफा दे दिया। सुजाता कार्तिकेयन 2000 बैच की आइएएस अधिकारी हैं। सुजाता कार्तिकेयन बीजद नेता वीके पांडियन की पत्नी हैं। इससे पहले वीके पांडियन भी वीआरएस लेकर राजनीति में आये थे। 2024 के चुनावों में बीजद के सत्ता खोने के बाद सुजाता छह महीने की छुट्टी पर थीं। उन्हें 26 नवंबर, 2024 तक छुट्टी दी गयी थी, सुजाता ने छह महीने ओर छुट्टी बढ़ाने की सरकार से अनुमति मांगे थे। परंतु ओड़िशा भाजपा सरकार ने उनके आवेदन के अनुसार उन्हें अनुमति नहीं दी और उन्हें तुरंत कर्तव्यों पर फिर से शुरू करने का निर्देश दिया। उसके बाद से उनके स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने की सूचना मिली है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। वह पहले ओडिशा वित्त विभाग में विशेष सचिव के रूप में कार्य कर चुकी हैं। कुछ दिन पहले वीके पांडियन एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में शामिल होने की चर्चा थी।

## ओड़िशा में जल्द ही 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी: नित्यानंद गोंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में भाजपा सरकार ने हाल ही में 18,000 शिक्षकों की नियुक्ति की है, जल्द ही 10,000 और शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। यह जानकारी ओड़िशा विधानसभा में स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने एक सवाल का जवाब देते हुए दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्कूल और मास एजुकेशन मिनिस्टर नित्यानंद गोंड ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बंद पड़े स्कूल फिर से खोले जायेंगे। अनुसूचित क्षेत्र में कम से कम 40 बच्चे होने पर स्कूल खोलने की व्यवस्था है। वहीं गैर अनुसूचित क्षेत्र में कम से कम 20 बच्चे होने पर स्कूल खोलने की व्यवस्था है। पिछली बीजद सरकार के दौरान 5,632 स्कूलों को जल्दबाजी में विलय कर दिया गया था। स्कूल और मास शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने एक अन्य मुद्दे का जवाब देते हुए कहा कि बंद स्कूलों को फिर से खोला जायेगा। गौरतलब है कि बीजद विधायक गणेश्वर बेहरा ने सवाल पूछा था कि चुनाव के दौरान भाजपा ने सभी बंद स्कूलों को खोलने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इस सवाल का जवाब स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने यह कहकर दिया कि स्कूल फिर से खोले जायेंगे और 10,000 शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।

# जिंदल स्टील एंड पावर ने कार्यबल बढ़ाने के लिए ग्लोबल यूनिवर्सिटी के साथ किया समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने देश भर में कौशल भारत मिशन को क्रियान्वित करने की कल्पना की थी, जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने 'दक्षता' पहल के तहत अपने कार्यबल कौशल को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ओड़िशा (सीजीयू-ओड़िशा) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से जेएसपी के प्रभारी कार्यकारी निदेशक (अंगुल), पंकज मल्हन और सीजीयू के प्रो-वाइस चांसलर, डॉ श्रीदेवी द्वारा जेएसपी के सीएचआरओ, दिलीप कुमार सिन्हा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। उपाध्यक्ष (मानव संसाधन), सुभाष चंदर; सीजीयू के प्रैक्टिस प्रोफेसर, अमूल्य महापात्र, प्रमुख (वेल्डिंग सीओइ), देबासिस महापात्र; और प्रमुख (ऑटोमेशन सीओइ), रजत सामंतराय उपस्थित थे। इस साझेदारी के तहत, जेएसपी और सीजीयू-ओड़िशा संयुक्त रूप से जेएसपी की अंगुल सुविधा में नवीन जिंदल कौशल केंद्र और सीजीयू-ओड़िशा में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेंगे। कार्यक्रम वेल्डिंग, फैब्रिकेशन, इलेक्ट्रीशियन और अन्य भविष्य के कौशल डोमेन सहित विभिन्न ट्रेडों में कार्यबल की दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक स्वचालन में विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें उन्नत वेल्डिंग, उन्नत मशीनिंग, सिमुलेशन और मॉडलिंग सहित उन्नत विनिर्माण के साथ-साथ पीएलसी, एचएमआइ, एससीएडीए, डीसीएस, हाइड्रोलिक्स, न्यूमेटिक्स और अधिक जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। कार्यक्रम उभरती उद्योग आवश्यकताओं को कवर करेगा, जेएसपी की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्यबल को आवश्यक दक्षताओं से लैस करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए, जेएसपी के प्रभारी कार्यकारी निदेशक (अंगुल), पंकज मल्हन ने कहा कि यह साझेदारी उद्योग मानकों और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च कुशल कार्यबल के निर्माण के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हमारा मानना है कि यह पहल, जेएसपी के साथ-साथ पूरे भारत में कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में कार्यबल उत्कृष्टता में महत्वपूर्ण योगदान देने और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए हमारे अध्यक्ष नवीन जिंदल की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।


हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही Classified

Dr. Pooja Sahu
(Oral and Dental Surgeon)
Bds,mph
DR. AVAILABLE
Days - Monday Wednesday Friday And Sunday
9341731744
Sugnu Basti Near Shiv Mandir Aata Chakki Home

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590 8789361453 8709790158
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेन्ट लेकर जाने से फार्म नहीं भरना पड़ता है, लाईन नही लगना पड़ता है, काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

Panasonic BRANDSHOP
Panasonic ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

GULFAM KASHMIR HADICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

ADMISSION OPEN
90+ INSTITUTE
CLASS VI-XII
Open Registration for 2025-2026
ICSE | CBSE
Separate Classes
Struggling with Studies ? Get the best Guidance for Success!
ENROLL NOW
Free Demo Classes For 1 Week From 20th March
For More Details Please Contact - 8210419469, 9798196834
Address: 1st Floor Bhowmick Complex Kokar Bazar Ranchi, Jharkhand Devi Mandap, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi, Jharkahnd

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

स्वामी आयुर्वेदिक सेन्टर
बावा टावर, मेन रोड, गुरुद्वारा के सामने (नजदीक कश्मीर वस्त्रलय), राँची
जोड़ों का दर्द, गठिया, घुटनों का दर्द व कमर दर्द, सांस-दमा, वजन बढ़ाने, मोटापा घटाने (शराब छुड़वाएँ, शराबी को बिना बताए लाएँ) बवासीर, डायबिटिज, ल्यूकोरिया, बाल झड़ना रूसी, हर्बल फेसवश्क्षश, हेयर शैम्पू, नाईट क्रीम, पेट गैस, कब्ज, तुलसी, अश्वगंधा, एलोवेरा जूस, आँवला रस, हेयर ऑयल, लिवर टश्चनिक, पाचन रस, गिलोए रस, शिलाजित गिलोए गनवटि, हर्बल चाय, कोलेस्ट्राल, रक्त शुद्धी टॉनिक आदि की अचूक आयुर्वेदिक औषधि उपलब्ध है।
मिलें हर रोज सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (रविवार बंद)

विवाह संतान, उच्च शिक्षा, नौकरी, व्यापार, विदेश यात्रा, प्रमोशन के समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें।
ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश नारायण
परामर्श शुल्क 501/-
36 वर्षो का अनुभव
मिलने का समय 3 से 5 बजे तक। सम्पर्क करें : 94313595523
L-78, Argora, Housing Colony, Ranchi 06 AM to 11AM
12 AM to 07 PM जयपुर रत्न मंदिर, बाबा टावर, मेन रोड, रांची



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**